# The Most Important Current Affairs January 2020

## Union Budget 2020-21: Important Highlights

वित्त मंत्री **निर्मला सीतारमण ने** लगातार दूसरी बार संसद में **केन्द्रीय बजट 2020-21** पेश किया हैं। केन्द्रीय बजट 2020-21 के मुख्य बिन्दुओं में एक ऐसे महत्वाकांक्षी भारत की जरूरतों को पूरा करने पर जोर दिया गया है, जहां समाज के सभी हिस्सों को **शिक्षा, स्वास्थ्य तथा बेहतर रोजगार** तक पहुंच के साथ-साथ **बेहतर जीवन स्तर** मिले। केंद्रीय बजट **वार्षिक एक वित्तीय रिपोर्ट है,** जिसमें **सतत विकास और वृद्धि** के लिए **सरकार** द्वारा **भविष्य** में अपनाई जाने वाली **नीतियों को रेखांकित** करने के लिए **आय और व्यय का आकलन** पेश किया जाता है। भारत के **मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यम** ने **31 जनवरी 2020** को **आर्थिक सर्वेक्षण 2019-20** जारी किया गया था। अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष के लिए **भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6 से 6.5% के बीच** रहने का अनुमान लगाया गया है।

इस बार का केंद्रीय बजट 2020-21 **तीन विषय** पर आधारित हैं:

- **आकांक्षी भारत (Aspirational India) :** जिसमें समाज के सभी वर्गों को जीवनयापन का बेहतर स्टैंडर्ड मिले, स्वास्थ्य, शिक्षा और बेहतर रोजगार तक एक्सेस हो
- **सभी के लिए इकोनॉमिक डेवलेपमेंट (Economic Development for all) :** सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास
- **केयरिंग सोसाइटी/ जिम्मेदार समाज (Caring Society) :** जो मानवीय और करुणामय हो, जहां अन्तोदय भरोसे का साथी हो।

**केंद्रीय बजट 2020-21 की मुख्य बातें :**

- अब 5 लाख से 7.5 लाख रुपये तक की आय पर 20% की बजाय केवल 10% टैक्स लगेगा।
- 7.5 लाख-10 लाख रुपये तक की आय पर 20% की बजाय केवल 15% टैक्स लगेगा।
- 10-12.5 लाख, रुपये तक की आय पर 30% की बजाय केवल 20% टैक्स लगेगा।
- 12.5 लाख-15 लाख रुपये तक की आय पर 30% की बजाय केवल 25% टैक्स लगेगा।
- 15 लाख रुपये से अधिक आय वालों को 30% टैक्स का भुगतान करना होगा।
- 2024-25 तक मत्स्य निर्यात को एक लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाना।
- 2022-23 तक देश में 200 लाख टन मत्स्य उत्पाद का लक्ष्य।
- 3,477 मित्रों और 500 मत्स्य पालन कृषक संगठनों द्वारा युवाओं को मत्स्य पालन क्षेत्र से जोड़ना।
- शैवालों और समुद्री खरपतवारों की खेती तथा केज कल्चर को प्रोत्साहित करना
- पीएम-कुसुम का विस्तार -- योजना के तहत 20 लाख किसानों को सौर ऊर्जा पंप लगाने में मदद। अतिरिक्त 15 लाख किसानों को ग्रिड से जुड़े पंप सैटों को सौर ऊर्जा चलित बनाने में मदद करना।
- भारतनेट के माध्यम से इस वर्ष 1 लाख ग्राम पंचायतों को फाइबर-टू-द-होम (एफटीटीएच) से जोड़ा जाएगा।
- जन औषधि केन्द्र योजना के तहत वर्ष 2024 तक सभी जिलों में 2000 दवाओं और 300 शल्य चिकित्सा की पेशकश की जाएगी।
- 'टीबी हारेगा देश जीतेगा' अभियान शुरू किया गया – वर्ष 2025 तक तपेदिक को समाप्त करने की प्रतिबद्धता।
- जल जीवन मिशन के लिए 3.60 लाख करोड़ रुपये मंजूर
- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम जय) के लिए 6400 करोड़ रुपये (69,000 करोड़ रुपये में से) का आवंटन :
- दीनदयाल अंत्योदय योजना – गरीबी उन्मूलन के लिए 58 लाख एसएचजी के साथ 0.5 करोड़ परिवारों को जोड़ा गया।
- वित्त वर्ष 2020-21 में शिक्षा क्षेत्र के लिए 99,300 करोड़ रुपये और कौशल विकास के लिए 3000 करोड़ रुपये का आवंटन।
- नई शिक्षा नीति की घोषणा जल्द ही की जाएगी।
- पुलिस संबंधी विज्ञान, फॉरेंसिक विज्ञान, साइबर-फॉरेंसिक, इत्यादि के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुलिस विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय की स्थापना करने का प्रस्ताव किया गया है।
- 2020-21 में ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए 22000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव।
- राष्ट्रीय गैस-ग्रिड को वर्तमान के 16200 किलोमीटर से 27000 किलोमीटर के विस्तार का प्रस्ताव।
- उड़ान योजना के तहत 100 और हवाई अड्डों को 2024 तक पुनर्विकसित किया जाएगा।
- इसी अवधि के दौरान हवाई जहाजों की संख्या वर्तमान के 600 से 1200 हो जाने की उम्मीद।
- अधिक कार्यदक्ष पत्तनों के लिए वैश्विक मानदंडों के अनुरूप सरकार की नीतिगत रूपरेखा।
- प्रधानमंत्री के अर्थ गंगा संकल्पना के अनुरूप नदी के तटों पर आर्थिक गतिविधियों को तेज किया जाएगा।
- रेल पटरियां के किनारे सौर ऊर्जा की उच्च क्षमता स्थापित की जाएगी।

- 4 स्टेशनों की पुनर्विकास परियोजनाएं और पीपीपी के माध्यम से 150 यात्री ट्रेनों का संचालन।
- आईकॉनिक पर्यटन गंतव्य को जोड़ने के लिए तेजस जैसी ट्रेने।
- मुम्बई और अहमदाबाद के बीच हाईस्पीड ट्रेन पर सक्रियता से काम।
- 148 किलोमीटर लम्बी बेंगलुरु उप-नगरीय परिवहन परियोजना के लिए 18,600 करोड़ रुपये, मेट्रो प्रारूप के अनुसार किराया तय किया जाएगा। केन्द्र सरकार 20 प्रतिशत का लागत वहन करेगी और परियोजना लागत का 60 प्रतिशत बाहरी सहायता से उपलब्ध कराने की सुविधा देगी।
- 2020-21 में भारतनेट कार्यक्रम के लिए 6000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव।
- दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे और दो अन्य पैकेज 2023 तक पूरे हो जाएगे।
- चेन्नई-बेंगलुरु एक्सप्रेस-वे की शुरूआत होगी।
- 6000 किलोमीटर से अधिक की लम्बाई वाले 12 राजमार्ग समूहों के मुद्रीकरण का प्रस्ताव।
- 31 दिसंबर, 2019 को 103 लाख करोड़ रुपये मूल्य की परियोजनाएं लांच की गई।
- विकास के चरण और आकार के आधार पर 6500 से अधिक परियोजनाओं का वर्गीकरण किया जाएगा।
- नए और उभरते क्षेत्रों समेत विभिन्न प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में ज्ञान अनुवाद क्लस्टर स्थापित किए जाएंगे।
- अवधारणा के साक्ष्य की डिजाइनिंग, इनके निर्माण और वैधीकरण के लिए और इन टेस्ट बेड्स को संपोषित करते हुए प्रौद्योगिकी कलस्टरों का स्तर आगे बढ़ाने के लिए छोटे पैमाने पर विनिर्माण कार्य सुविधा केन्द्रों की स्थापना की जाएगी।
- स्टार्टअप्स के पहले चरण के उद्भावन और विकास को बढ़ावा देने के लिए सीड फंड सहित प्रारम्भिक निधि पोषण प्रदान करने का भी प्रस्ताव है।
- पर्यटन संवर्द्धन के लिए वर्ष 2020-21 हेतु 2,500 करोड़ रुपये का आवंटन।
- वर्ष 2020-21 के लिए संस्कृति मंत्रालय हेतु 3,150 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया गया।
- संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय धरोहर और संरक्षण संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया। इसे प्रारंभ में मानद विश्वविद्यालय का दर्जा भी प्राप्त होगा।
- प्रधानमंत्री द्वारा जनवरी 2020 में कोलकाता के भारतीय संग्रहालय के पुनरूद्धार की घोषणा की गई।
- अहमदाबाद के निकट हड़प्पा युग के नौवहन स्थल – लोथल में पोत परिवहन मंत्रालय द्वारा एक पोत संग्रहालय की स्थापना की जाएगी।
- राज्य सरकारों के द्वारा कुछ चिन्हित स्थानों के लिए एक योजना तैयार किए जाने की उम्मीद है। 2021 के दौरान वित्तीय योजना तैयार की जाएगी, जिसके तहत 2020-21 में राज्यों को विशिष्ट अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।
- वर्ष 2020-21 के लिए इस उद्देश्य हेतु 4,400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया।
- अत्यधिक मात्रा में कार्बन उत्सर्जन करने वाले विद्युत संयंत्रों के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप उन्हें चलाने और उनके लिए खाली भूमि का वैकल्पिक उपयोग करने का प्रावधान।
- 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले बड़े नगरों में स्वच्छ हवा सुनिश्चित करने के लिए राज्यों के द्वारा बनाई जा रही योजनाओं को कार्यान्वित करते हुए प्रोत्साहन दिया जाएगा।
- अत्याधुनिक डाटा संग्रहण, समेकित सूचना पोर्टल और समय से सूचना के प्रसार की दिशा में एक कार्य योजना।
- भारत में 2022 में आयोजित होने वाले जी-20 की अध्यक्षता के लिए तैयारियां शुरू करने हेतु कुल 100 करोड़ रुपये आवंटित।
- पूर्वोत्तर क्षेत्र का विकासः
- केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख का विकासः
- वित्त वर्ष 2020-21 के लिए 30,757 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए 5958 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- 10 बैंकों को 4 बैंकों में परिणत किया गया।
- 3,50,000 करोड़ रुपये की पूंजी दी गई।
- जमा बीमा तथा क्रेडिट गारंटी निगम (डीआईसीडीसी) ने जमा बीमा दायरे को प्रति जमाकर्ता 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने की अनुमति दी।
- एक्सिम बैंक और सिडबी द्वारा 1000 करोड़ रुपये की योजना तैयार की गई।
- प्रौद्योगिकी उन्नयन, अनुसंधान एवं विकास, कारोबार की कार्यनीति आदि के लिए सहायता।
- कारपोरेट बांडों में एफपीआई की सीमा को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया गया।
- 103 लाख करोड़ रुपये की राष्ट्रीय अवसंरचना पाइप लाइन परियोजना की घोषणा की गई।
- आईआईएफसीएल तथा एनआईआईएफ जैसी अवसंरचना वित्त कंपनियों की सहायता के लिए 22000 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे।
- मौजूदा छूट और कटौतियों (100 से अधिक) में से लगभग 70 को नये सरलीकृत प्रणाली में हटा दिया जाएगा।
- 15 प्रतिशत कर दर नई बिजली उत्पादन कंपनियों को प्रदान किया जायेगा।
- 100 करोड़ रुपये तक के कुल कारोबार वाले स्टार्ट अप को 10 वर्षों में से लगातार तीन आकलंन वर्ष के लिए 100% छूट का लाभ.
- कम नकदी वाली आर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए कुल कारोबार की उच्चतम सीमा में पांच गुना वृद्धि करके मौजूदा 1 करोड़ रुपये से 5 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव।
- प्राथमिताओं वाले क्षेत्र में विदेशी सरकारों के सॉवरिन धन कोष द्वारा निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए उनके द्वारा 31 मार्च 2024 से पहले और न्यूनतम तीन वर्षों की लॉक-इन अवधि के साथ अवसंरचना और अन्य अधिसूचित क्षेत्रों में किए गए निवेश के संबंध में उनके ब्याज, लाभांश और पूंजीगत लाभों को 100% छूट देने का प्रस्ताव।

- सस्ते मकान की खरीद हेतु लिए गए ऋणों को देय ब्याज में 1.5 लाख रुपये तक अतिरिक्त छूट को 31 मार्च 2021 तक बढ़ा दिया गया है।
- 31 मार्च 2021 तक अनुमोदिन सस्ते मकान की परियोजना के विकासकर्ता द्वारा अर्जित लाभों पर टैक्स हॉलिडे का प्रावधान।
- प्रत्यक्ष कर से संबधित मुकदमेबाजी को कम करने के लिए 30 जून 2020 की समय सीमा के साथ 'विवाद से विश्वास' योजना।
- ब्याज और जुर्माने में छूट- केवल 31 मार्च 2020 तक भुगतान के लिए विवाद कर का भुगतान।
- 31 मार्च 2020 के बाद लाभ लेने पर अतिरिक्त रकम का भुगतान।
- 1 अप्रैल 2020 से परीक्षण के तौर पर सरलीकृत विवरणी का क्रियान्वयन किया जाएगा। इस विवरणी को फाइल करना आसान बनाया जाएगा। इसकी विशेषताओं में शून्य विवरणी के लिए एसएमएस आधारित फाइलिंग, विवरणी पूर्व फाइलिंग उन्नत इनपुट कर क्रेडिट प्रवाह और समग्र सरलीकरण संग्रह।
- उल्टे कर ढांचे से निपटने के लिए जीएसटी दर ढांचे को युक्तिसंगत बनाया जाएगा।
- सीमा शुल्क को फुटवियर पर 25% से बढ़ाकर 35% करने और फर्निचर वस्तुओं पर 20% से बढ़ाकर 25% करने का प्रावधान।
- न्यूज प्रिंट और हल्के कोटेड पेपर के आयात पर बुनियादी आयात शुल्क को 10% से घटाकर 5% किया गया।
- चिकित्सा उपकरणों के आयात पर 5% स्वास्थ्य उपकर जो बीसीडी से छूट से अतिरिक्त होगा।
- वस्तुओं की डंपिंग को रोकने और सब्सिडीयुक्त वस्तुओं के आयात पर लगाम लगाने के लिए प्रावधानों को सुदृढ़ किया जाएगा।
- क्राउड सोर्सिंग के लिए सीमा शुल्क से छूट की समीक्षा का सुझाव।
- कपड़ा क्षेत्र को लाभ देने के लिए पीटीए पर डंपिंगरोधी शुल्क खत्म।
- डिजिटल गवर्नेंस के जरिए सेवाओं की निर्बाद डिलिवरी।
- नेशनल इंफ्रास्ट्रचर पाइपलाइन के जरिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार।
- आपदारोधी के जरिए जोखिम को दूर करना।
- पेंशन एवं बीमा में विस्तार के जरिए सामाजिक सुरक्षा।

## Key highlights of Economic Survey 2019-20

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 31 जनवरी 2020 को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2019-20 पेश किया। इस वर्ष का आर्थिक सर्वेक्षण मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति वी सुब्रमण्यन द्वारा तैयार किया गया है.
- आर्थिक सर्वेक्षण 2020 की थीम: बाजार को सक्षम बनाना, व्यवसाय अनुकूल नीतियों को प्रोत्साहन देना तथा अर्थव्यवस्था में विश्वास को मजबूत बनाना: Wealth Creation, Promotion of pro-business policies, strengthening of trust in the economy है.
- इस रिपोर्ट के बाद एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी जिसमें मुख्य आर्थिक सलाहकार और उनकी टीम अगले वित्तीय वर्ष के आर्थिक रोडमैप पर चर्चा करेगी। ये सर्वेक्षण पिछले वर्ष देश की अर्थव्यवस्था में हुए विकास की समीक्षा है। इस सर्वेक्षण में पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार द्वारा किए गए प्रमुख विकास कार्यक्रमों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाता है। साथ ही इसमें सरकार की मुख्य नीतिगत पहलों का भी विवरण दिया जाता है।
- आर्थिक सर्वेक्षण 2019-20 के मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैं:-
- अप्रैल से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि 6 से 6.5% के बीच रखी गई है।
- देश में 'एसेम्बल इन इंडिया' रोजगार पैदा करेगा।
- वैश्विक निर्माण, व्यापार और मांग के लिए एक कमजोर माहौल के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की गति धीमी हो गई जिसमें वर्ष 2019-20 की पहली छमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत दर्ज की गई।
- चालू खाता घाटा (सीएडी) वर्ष 2018-19 के 2.1 से कम होकर 2019-20 की पहली छमाही में 1.5 पर आ गया है।
- नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन 2019-2025 की घोषणा।
- तनावग्रस्त रियल एस्टेट और एनबीएफसी क्षेत्रों के लिए विशेष ऋण की सुविधा।
- दो योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) और प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत 2022 तक सभी के लिए आवास के लक्ष्य को हासिल करना है। सर्वेक्षण में बताया गया है कि पीएमएवाई-जी के तहत एक साल में बनने वाले घरों की संख्या पहले से चार गुना बढ़ गई है, जो 2014-15 में 11.95 लाख से बढ़कर 2018-19 में 47.33 लाख हो गई है।
- दिवाला एवं दिवालियापन संहिता (IBC) के तहत समाधान प्रक्रिया में सुधार आया ।
- 2019-20 के प्रथम 8 महीने के दौरान पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में, राजस्व प्राप्तियों में अधिक वृद्धि दर्ज की गई, जो गैर-कर राजस्व में महत्वपूर्ण वृद्धि से प्रेरित था।
- वर्ष 2019-20 के दौरान (दिसंबर, 2019 तक), जीएसटी की कुल मासिक वसूली 5 गुणा बढ़कर 1,00,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गई।
- जीएसटी के कार्यान्वयन को आसान बनाने के उपाय किए गए।
- राज्य वित्तीय सुदृढीकरण के मार्ग पर अग्रसर हैं और एफआरबीएम अधिनियम में निर्धारित लक्ष्यों के भीतर राजकोषीय घाटे को नियंत्रित किया है।
- सर्वेक्षण में कहा गया है कि सामान्य सरकार (केंद्र और राज्य) राजकोषीय समेकन के मार्ग पर है।
- भारत की बीओपी स्थिति में सुधार हुआ है। मार्च, 2019 में यह 412.9 बिलियन डॉलर विदेशी मुद्रा भंडार था, जबकि सितंबर, 2019 के अंत में बढ़कर 433.7 बिलियन डॉलर हो गया।
- विदेशी मुद्रा भंडार 10 जनवरी, 2020 तक 461.2 बिलियन डॉलर रहा।

- भारत के शीर्ष पांच व्यापारिक साझेदार अमेरिका, चीन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सउदी अरब और हांगकांग हैं।
- भारत का सर्वाधिक आयात चीन से करना जारी रहेगा, उसके बाद अमेरिका, यूएई और सउदी अरब का स्थान है।
- भारत के लिए मर्चेंटाडाइज आयात और जीडीपी अनुपात में कमी आई है जिसका बीओपी पर निवल सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।
- व्यापार सहायता के अंतर्गत 2016 की 143 रैंकिंग की तुलना में भारत ने 2019 में अपनी रैंकिंग में सुधार की और भारत की रैंकिंग 68 हो गई। विश्व बैंक द्वारा व्यावसायिक सुगमता रिपोर्ट में 'ट्रेडिंग ए क्रॉस बोडर्स' सूचकांक की निगरानी की जाती है।
- वर्तमान में यह लगभग 160 बिलियन डॉलर का है। जिसके 2020 तक 215 बिलियन डॉलर तक होने की आशा है।
- कुल एफडीआई आवक 2019-20 में मजबूत बनी रही, पहले आठ महीनों में 24.4 बिलियन डॉलर का निवेश आकर्षित हुआ, जो 2018-19 की समान अवधि से अधिक था।
- 2019-20 के पहले आठ महीनों में नेट एफपीआई 12.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा।
- 2019-20 में परिवर्तित रही। धीमी वृद्धि और कम मुद्रास्फीति के कारण वित्तीय वर्ष में लगातार चार एमपीसी बैठकों में रेपो दर में 110 बेसिस पॉइंट की कटौती की गई।
- गैर-बैंकिंग वित्तीय निगमों (एनबीएफसी) के लिए मार्च 2019 में 6.1 प्रतिशत से मामूली रूप से बढ़कर सितंबर, 2019 में 6.3 प्रतिशत हो गया।
- बैंक ऋण वृद्धि अप्रैल 2019 में 12.9 प्रतिशत थी जो 20 दिसंबर, 2019 को 7.1 प्रतिशत हो गई।
- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति 2018-19 (अप्रैल से दिसंबर, 2018) में 3.7 प्रतिशत से बढ़कर 2019-20 (अप्रैल से दिसंबर, 2019) में 4.1 प्रतिशत हो गई।
- थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति 2018-19 (अप्रैल से दिसंबर, 2018) में 4.7 प्रतिशत से गिरकर 2019-20 (अप्रैल से दिसंबर, 2019) में 1.5 प्रतिशत हो गई।
- भारत अच्छे तरीके से बनाए गए कार्यक्रम के माध्यम से एसडीजी क्रियान्वयन के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।
- भारत ने यूएनसीसीडी के तहत सीओपी-14 की मेज़बानी की, जिसमें दिल्ली घोषणाः भूमि में निवेश और अवसरों को खोलना अपनाया गया। वन और वृक्ष कवर वृद्धि के साथ यह 80.73 मिलियन हेक्टेयर हुआ और देश के 24.56 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र में।
- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) सदस्य देशों से 30 फेलोशिप को संस्थागत सहायक बनाकर
- 'फैसिलिटेटर' को एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया से 2 बिलियन डॉलर का ऋण और एएफडी फ्रांस से 1.5 बिलियन डॉलर का ऋण प्राप्त हुआ।
- इनक्यूबेटर 'सोलर रिस्क मिटिग इनिशिएटिव जैसी पहल का पोषण किया।
- 1000 मेगावाट सौर तथा 2.7 लाख सौर जल पम्पों की कुल मांग के लिए उपाय 'एक्सेलेटर' विकसित किया
- देश के कुल मूल्यवर्धन (जीवीए) में कृषि तथा संबद्ध क्षेत्रों की हिस्सेदारी गैर-कृषि क्षेत्रों की अधिक वृद्धि के कारण कम हो रही है, जो विकास प्रक्रिया का स्वभाविक परिणाम है।
- कृषि वानिकी और मछलीपालन क्षेत्र से 2019-20 के बेसिक मूल्यों पर जीवीए में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।
- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग क्षेत्र में वृद्धिः
- औसत वार्षिक विकास दर (AAGR) लगभग 5.06% रहा
- 2018-19 (अप्रैल-नवंबर) के 5.0 प्रतिशत की तुलना में 2019-20 (अप्रैल-नवंबर) के दौरान औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र में 0.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।
- बिजली उत्पादन की स्थापित क्षमता बढ़ कर 31 अक्टूबर, 2019 को 3,64,960 मेगावाट हो गई, जो 31 मार्च, 2019 को 3,56,100 मेगावाट थी।
- 31 दिसंबर, 2019 को जारी की गई राष्ट्रीय अवसंरचना पाइप लाइन के संबंध में कार्यबल की रिपोर्ट में भारत में वित्त वर्ष 2020 से 2025 के दौरान 102 लाख करोड़ रुपये के कुल अवसंरचनात्मक निवेश को प्रक्षेपित किया है।
- सकल संवर्धन मूल्य और सकल संवर्धन मूल्य वृद्धि में इसका हिस्सा 55 प्रतिशत है।
- भारत के कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का दो-तिहाई और कुल निर्यात का लगभग 38 प्रतिशत हिस्सा।
- 33 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में से 15 राज्यों में सेवा क्षेत्र का योगदान 50 प्रतिशत से अधिक।
- 2019-20 की शुरूआत में सेवा क्षेत्र में सकल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में मजबूत बेहतरी देखी गई है।
- केंद्र और राज्यों द्वारा सामाजिक सेवाओं (स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य) पर जीडीपी के अनुपात के रूप में व्यय 2014-15 में 6.2 प्रतिशत से बढ़कर 2019-20 (बजटीय अनुमान) में 7.7 प्रतिशत हो गया है।
- माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक तथा उच्चतर शिक्षा स्तर पर सकल नामांकन अनुपात में सुधार की जरूरत है।
- मिशन इन्द्रधनुष के तहत देशभर में 680 जिलों में 3.39 करोड़ बच्चों और 87.18 लाख गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण हुआ।
- लगभग 60 प्रतिशत उत्पादकता आयु (15-59) ग्रुप पूर्ण कालिक घरेलू कार्यों में लगे हैं।
- स्वच्छता संबंधी व्यवहार में बदलाव लाने तथा ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की पहुंच बढ़ाने पर जोर देने के उद्देश्य से एक 10 वर्षीय ग्रामीण स्वच्छता रणनीति (2019-2029) की शुरूआत की गई।
- सरकार के ठोस कदमों के जिरए बाजारों को अनावश्यक रूप से नजरअंदाज करने वाली नीतियों को समाप्त करना, रोजगार सृजन के लिए व्यापार को सुनिश्चित करना, बैंकिंग सेक्टर का कारोबारी स्तर दक्षतापूर्वक बढ़ाना

- उदारीकरण के बाद भारत की जीडीपी और प्रति व्यक्ति जीडीपी में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ-साथ धन सृजन भी हो रहा है।
- आर्थिक समीक्षा में बताया गया है कि बंद पड़े सेक्टरों की तुलना में उदार या खोले जा चुके सेक्टरों की वृद्धि दर ज्यादा रही है।
- एक सार्वजनिक वस्तु के रूप में भरोसे का आइडिया अपनाना जो अधिक इस्तेमाल के साथ बढ़ता जाता है।
- उत्पादकता को तेजी से बढ़ाने और धन सृजन के लिए एक रणनीति के रूप में उद्यमिता
- विश्व बैंक के अनुसार, नई कंपनियों की संख्या के मामले में भारत तीसरे पायदान पर रहा।
- वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2018 तक की अवधि के दौरान औपचारिक क्षेत्र में नई कंपनियों की संचयी वार्षिक वृद्धि दर 12.2 प्रतिशत रही, जबकि वर्ष 2006 से लेकर वर्ष 2014 तक की अवधि के दौरान यह वृद्धि दर 3.8 प्रतिशत थी।
- किसी जिले में नई कंपनियों के पंजीकरण में 10 प्रतिशत की वृद्धि होने से सकल घरेलू जिला उत्पाद (जीडीडीपी) में 1.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी होती है।
- किसी भी जिले में साक्षरता और शिक्षा से स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को काफी बढ़ावा देती है
- यह असर सबसे अधिक तब नजर आता है जब साक्षरता 70 प्रतिशत से अधिक होती है।
- जनगणना 2011 के अनुसार, न्यूनतम साक्षरता दर (59.6 प्रतिशत) वाले पूर्वी भारत में सबसे कम नई कंपनियों का गठन हुआ है।
- एक 'प्रो-व्यवसाय' नीति को प्रोत्साहित करना जो प्रतिस्पर्धी बाजारों की क्षमता उत्पन्न करता है ताकि धन पैदा किया जा सके।
- भारत सरकार का "स्टार्टअप इंडिया" अभियान भारत में उत्पादकता वृद्धि और धन सृजन को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीति के रूप में उद्यमिता की पहचान करता है।
- आवश्यक वस्तु अधिनियम (ईसीए) के तहत वस्तुओं पर स्टॉक सीमा के लगातार और अप्रत्याशित होने से न तो कीमतें कम होती हैं और न ही मूल्य अस्थिरता में कमी आती है। 2019 के दौरान ECA के तहत लगभग 76000 छापे मारे गए।
- डीपीसीओ 2013 के जरिए औषधियों के मूल्यों को नियंत्रित किए जाने से नियंत्रित दवाओं की कीमतें अनियंत्रित समान दवाओं की तुलना में ज्यादा बड़ी, इसने इस बात को साबित किया कि डीपीसीओ सस्ती दवाओं की उपलब्धता के जो प्रयास किए वे उल्टे रहे।
- खाद्यान्न बाजार में सरकारी हस्तक्षेप के कारण, सरकार गेहूं और चावल की सबसे बड़ी खरीददार होने के साथ ही सबसे बड़ी जमाखोर भी हो गई है।
- केंद्र और राज्यों की ओर से दी जाने वाली कर्ज माफी की समीक्षा पूरी तरह से कर्ज माफी की सुविधा वाले लाभार्थी कम खपत, कम बचत, कम निवेश करते हैं जिससे आंशिक रूप से कर्ज माफी वाले लाभार्थियों की तुलना में उनका उत्पादन भी कम होता है।
- दुनिया के लिए भारत में एसेम्बल इन इंडिया और मेक इन इंडिया योजना को एक साथ मिलाने से 2025 तक देश में अच्छे वेतन वाली 4 करोड़ नौकरियां होंगी और 2030 तक इनकी संख्या 8 करोड़ हो जाएगी।
- नेटवर्क उत्पादों का निर्यात, जिसके 2025 में दुनिया भर में 7 ट्रिलियन के बराबर होने की उम्मीद है, 2025 तक 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्थाओं के लिए मूल्य वर्धित वृद्धि में एक चौथाई योगदान दे सकता है।
- हाल ही के वर्षों में जारी विश्व बैंक की डूइंग बिजनेस रैंकिंग में भारत की रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी ऐसी कई श्रेणियां हैं, जहां भारत बहुत पीछे है - व्यवसाय शुरू करना, संपत्ति का पंजीकरण, कर भुगतान और अनुबंध लागू करना आदि।
- भारत ने 2019 में बैंक राष्ट्रीयकरण की 50 वीं वर्षगांठ मनाई। सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों के कर्मचारियों ने खुशी मनाई कि सर्वेक्षण सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों के वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन का सुझाव दिया गया।
- भारत का केवल एक बैंक विश्व के 100 शीर्ष बैंकों में शामिल हैं। यह स्थिति भारत को उन देशों की श्रेणी में ले जाती हैं जिनकी अर्थव्यवस्था का आकार भारत के मुकाबले कई गुना कम जैसे कि फिनलैंड जो भारत (लगभग 1/11वां भाग) और (डेनमार्क लगभग 1/8वां भाग)।
- बैंकिंग क्षेत्र में नकदी के मौजूदा संकट को देखते हुए शेडो बैंकिंग के खतरों को बढ़ावा देने वाले प्रमुख कारणों का पता लगाना।
- निर्यात बाजार में भारत की हिस्सेदारी 2025 तक 3.5 प्रतिशत तथा 2030 तक 6 प्रतिशत हो जाएगी। 2025 तक देश में अच्छे वेतन वाली 4 करोड़ नौकरियां होंगी और 2030 तक इनकी संख्या 8 करोड़ हो जाएगी।
- 2025 तक भारत को 5 हजार अरब वाली अर्थव्यवस्था बनाने के लिए जरूरी मूल्य संवर्धन में नेटवर्क उत्पादों का निर्यात एक तिहाई की वृद्धि करेगा।
- विश्व बैंक कारोबारी सुगमता श्रेणी में भारत ने 79 पायदानों की छलांग लगाई; 2014 के 142 वें स्थान से 2019 में 63 वें स्थान पर पहुंचा गया है

- भारत में समुद्री जहाजों की आवाजाही में लगने वाले समय में निरंतर कमी हो रही है, जो 2010-11 के 4.67 दिनों से लगभग आधा होकर 2018-19 में 2.48 दिन हो गया है।
- समीक्षा में सीपीएससी के विनिवेश से होने वाले लाभों की जांच की गई है और इससे सरकारी उद्यमों के विनिवेश करने को बल मिलता है। एचपीसीएल में सरकार की 53.29 प्रतिशत हिस्सेदारी के विनिवेश से राष्ट्रीय सम्पदा में 33,000 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई।
- वह मॉडल जिसमें 2001 के बाद जीडीपी विकास 2.7 प्रतिशत गतलीवश अनुमान से अधिक हो गई है उसने सैंपल समय में 95 देशों में से 51 अन्य देशों में भी जीडीपी विकास अनुमान से अधिक हो गई।
- पूरे भारत में किसी आम व्यक्ति एक थाली के लिए कितना भुगतान करता है, यह निर्धारित करने का प्रयास। 2015-16 से थीली की कीमतों की गतिशीलता में बदलाव।
- आर्थिक स्वतंत्रता और धन सृजन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी हस्तक्षेप का युक्तिकरण आवश्यक है।

## पद्म पुरस्कार 2020 की घोषणा

**पद्म पुरस्कार -** देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में शामिल तीन श्रेणियों में, **पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री सम्मान के पुरस्कार वितरित** किये गये. ये पुरस्कार विभिन्न विषयों / गतिविधियों के क्षेत्रों, अर्थात; **कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामलों, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल, सिविल सेवा** आदि में दिए जाते हैं.

- **पद्म विभूषण** असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है;
- **'पद्म भूषण'** उच्च श्रेणी की विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है;
- **पद्म श्री** पुरस्कार किसी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है. पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है.

इस वर्ष राष्ट्रपति ने **141 पद्म पुरस्कार** प्रदान करने को मंजूरी दी है, जिनमें 4 दोहरे केस (duo cases) शामिल हैं (किसी दोहरे केस में, पुरस्कार को एक ही माना जाता है) जो इस प्रकार हैं. इस सूची में **7 पद्म विभूषण, 16 पद्म भूषण और 118 पद्म श्री पुरस्कार** शामिल हैं. पुरस्कार पाने वालों में से 33 महिलाएं हैं और 18 व्यक्तियों को विदेशियों /NRI/PIO/OCI श्रेणी में और 12 व्यक्तियों को मरणोपरांत पुरस्कार दिए गये हैं।

**पद्म विभूषण (7)**

| क्रम संख्या | नाम | क्षेत्र | राज्य/देश |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री जॉर्ज फर्नांडिज (मरणोपरांत) | राजनीति | बिहार |
| 2 | श्री अरुण जेटली (मरणोपरांत) | राजनीति | दिल्ली |
| 3 | श्री अनिरुद्ध जगन्नाथ जीसीएसके | राजनीति | मॉरीशस |
| 4 | श्रीमती एम सी मैरीकॉम | खेल | मणिपुर |
| 5 | श्री छन्नू लाल मिश्र | कला | उत्तर प्रदेश |
| 6 | श्रीमती सुषमा स्वराज (मरणोपरांत) | राजनीति | दिल्ली |
| 7 | श्री विश्वेशतीर्थ स्वामीजी श्री पजवरा अधोखज मठ उडुपी (मरणोपरांत) | अन्य-आध्यात्मिकता | कर्नाटक |

**पद्म भूषण (16)**

| क्रम संख्या | नाम | क्षेत्र | राज्य/देश |
|---|---|---|---|
| 8 | श्री एम. मुमताज अली (श्री एम) | अन्य-आध्यात्मिकता | केरल |
| 9 | श्री सैय्यद मुअज़्ज़ीम अली (मरणोपरांत) | राजनीति | बांग्लादेश |
| 10 | श्री मुज़फ्फर हुसैन बेग | राजनीति | जम्मू एवं कश्मीर |
| 11 | श्री अजॉय चक्रवर्ती | कला | पश्चिम बंगाल |
| 12 | श्री मनोज दास | साहित्य एवं शिक्षा | पुदुचेरी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13 | श्री बालकृष्ण दोशी | अन्य वास्तुकला | गुजरात |
| 14 | सुश्री कृष्णम्मल जगन्नाथन | सामाजिक कार्य | तमिलनाडु |
| 15 | श्री एस.सी. जमीर | राजनीति | नगालैंड |
| 16 | श्री अनिल प्रकाश जोशी | सामाजिक कार्य | उत्तराखंड |
| 17 | डा. त्सेरिंग लेंडोल | चिकित्सा | लद्दाख |
| 18 | श्री आनन्द महिन्द्रा | व्यापार एवं उद्योग | महाराष्ट्र |
| 19 | श्री नीलकण्ठ रामकृष्ण माधव मेनन (मरणोपरांत) | राजनीति | केरल |
| 20 | श्री मनोहर गोपालकृष्ण प्रभु पर्रिकर (मरणोपरांत) | राजनीति | गोवा |
| 21 | प्रो. जगदीश सेठ | साहित्य एवं शिक्षा | अमेरिका |
| 22 | सुश्री पी वी सिंधू | खेल | तेलंगाना |
| 23 | श्री वेणु श्रीनिवासन | व्यापार एवं उद्योग | तमिलनाडु |

**पद्मश्री (118)**

| **क्रम संख्या** | **नाम** | **क्षेत्र** | **राज्य/देश** |
|---|---|---|---|
| 24 | गुरु शशाधर आचार्य | कला | झारखंड |
| 25 | डॉ. योगी एरॉन | चिकित्सा | उत्तराखंड |
| 26 | श्री जयप्रकाश अग्रवाल | व्यापार एवं उद्योग | दिल्ली |
| 27 | श्री जगदीश लाल आहूजा | सामाजिक कार्य | पंजाब |
| 28 | श्री काज़ी मासूम अख्तर | साहित्य एवं शिक्षा | पश्चिम बंगाल |
| 29 | सुश्री ग्लौरिया अरिऐरा | साहित्य एवं शिक्षा | ब्राजील |
| 30 | श्री खान जहीर खान बख्तियार खान | खेल | महाराष्ट्र |
| 31 | डा. पद्मावति बंदोपाध्याय | चिकित्सा | उत्तर प्रदेश |
| 32 | डा. सुशोवन बनर्जी | चिकित्सा | पश्चिम बंगाल |
| 33 | डा. दिगम्बर बेहरा | चिकित्सा | चंडिगढ़ |
| 34 | डा. दमयंती बेसरा | साहित्य एवं शिक्षा | ओडिशा |
| 35 | श्री पवार पोपटराव भगुजी | सामाजिक कार्य | महाराष्ट्र |
| 36 | श्री हिम्मत राम भंभु | सामाजिक कार्य | राजस्थान |
| 37 | श्री संजीव भीखचंदानी | व्यापार एवं उद्योग | उत्तर प्रदेश |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 38 | श्री गफूर भाई एम. बिलाखिया | व्यापार एवं उद्योग | गुजरात |
| 39 | श्री बॉब ब्लैकमेन | राजनीति | ब्रिटेन |
| 40 | सुश्री इंदिरा पी. पी. बोरा | कला | असम |
| 41 | श्री मदन सिंह चौहान | कला | छत्तीसगढ़ |
| 42 | सुश्री ऊषा चौमार | सामाजिक कार्य | राजस्थान |
| 43 | श्री लील बहादुर छेत्री | साहित्य एवं शिक्षा | असम |
| 44 | सुश्री ललीता एवं सुश्री सरोज चिदम्बरम (युगल)* | कला | तमिलनाडु |
| 45 | डा. वजीरा चित्रसेन | कला | श्रीलंका |
| 46 | डा. पुरुषोत्तम दधीच | कला | मध्य प्रदेश |
| 47 | श्री उत्सव चरणदास | कला | ओडिशा |
| 48 | प्रो. इंदिरा दासनायके (मरणोपरांत) | साहित्य एवं शिक्षा | श्रीलंका |
| 49 | श्री एच.एम. देसाई | साहित्य एवं शिक्षा | गुजरात |
| 50 | श्री मनोहर देवदास | कला | तमिलनाडु |
| 51 | सुश्री ओइनाम बेमबिम देवी | खेल | मणिपुर |
| 52 | सुश्री लिया दिसकिन | सामाजिक कार्य | ब्राजील |
| 53 | श्री ए.पी. गणेश | खेल | कर्नाटक |
| 54 | डा. बंगलोर गंगाधर | चिकित्सा | कर्नाटक |
| 55 | डा. रमण गंगाखेडकर | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | महाराष्ट्र |
| 56 | श्री बेरी गार्डिनर | राजनीति | ब्रिटेन |
| 57 | श्री चेवांग मोनुप गोबा | व्यापार एवं उद्योग | लद्दाख |
| 58 | श्री भरत गोयनका | व्यापार एवं उद्योग | कर्नाटक |
| 59 | श्री यादला गोपालराव | कला | आंध्र प्रदेश |
| 60 | श्री मित्रभानु गोंटिया | कला | ओडिशा |
| 61 | सुश्री तुलसी गौडा | सामाजिक कार्य | कर्नाटक |
| 62 | श्री सुजॉय के. गुहा | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | बिहार |
| 63 | श्री हरिकला हजब्बा | सामाजिक कार्य | कर्नाटक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 64 | श्री इनामुल हक | अन्य-पुरातत्व | बांग्लादेश |
| 65 | श्री मधु मंसूरी हसमुख | कला | झारखंड |
| 66 | श्री अब्दुल जब्बार (मरणोपरांत) | सामाजिक कार्य | मध्य प्रदेश |
| 67 | श्री बिमल कुमार जैन | सामाजिक कार्य | बिहार |
| 68 | सुश्री मीनाक्षी जैन | साहित्य एवं शिक्षा | दिल्ली |
| 69 | श्री नेमनाथ जैन | व्यापार एवं उद्योग | मध्य प्रदेश |
| 70 | सुश्री शांति जैन | कला | बिहार |
| 71 | श्री सुधीर जैन | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | गुजरात |
| 72 | श्री बेनीचंद्र जमातिया | साहित्य एवं शिक्षा | त्रिपुरा |
| 73 | श्री के. वी. संपथ कुमार एवं सुश्री विदुषी जयलक्ष्मी के. एस. (युगल)* | साहित्य एवं शिक्षा – पत्रकारिता | कर्नाटक |
| 74 | श्री करण जौहर | कला | महाराष्ट्र |
| 75 | डा. लीला जोशी | चिकित्सा | मध्य प्रदेश |
| 76 | सुश्री सरिता जोशी | कला | महाराष्ट्र |
| 77 | श्री सी कमलोआ | साहित्य एवं शिक्षा | मिजोरम |
| 78 | डा. रवि कन्नन आर. | चिकित्सा | असम |
| 79 | सुश्री एकता कपूर | कला | महाराष्ट्र |
| 80 | श्री याज़दी नाओश्रीवान करंजिया | कला | गुजरात |
| 81 | श्री नारायण जे. जोशी करायल | साहित्य एवं शिक्षा | गुजरात |
| 82 | डा. नरिन्दर नाथ खन्ना | चिकित्सा | उत्तर प्रदेश |
| 83 | श्री नवीन खन्ना | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | दिल्ली |
| 84 | श्री एस. पी. कोठारी | साहित्य एवं शिक्षा | अमरीका |
| 85 | श्री वी.के. मनुसामी कृष्णा पक़्तहर | कला | पुदुचेरी |
| 86 | श्री एम. के. कुंजोल | सामाजिक कार्य | केरल |
| 87 | श्री मनमोहन महापात्रा (मरणोपरांत) | कला | ओडिशा |
| 88 | उस्ताद अनवर खान मंगनियार | कला | राजस्थान |
| 89 | श्री कट्टुंगल सुब्रमण्यम मनिलाल | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | केरल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 90 | श्री मुन्ना मास्टर | कला | राजस्थान |
| 91 | प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र | साहित्य एवं शिक्षा | हिमाचल प्रदेश |
| 92 | सुश्री बीनापाणि मोहंती | साहित्य एवं शिक्षा | ओडिशा |
| 93 | डॉ. अरुणोदय मंडल | चिकित्सा | पश्चिम बंगाल |
| 94 | डा. पृथविन्द्र मुखर्जी | साहित्य एवं शिक्षा | फ्रांस |
| 95 | श्री सत्यनाराण मुंडयूर | सामाजिक कार्य | अरुणाचल प्रदेश |
| 96 | श्री मणिलाल नाग | कला | पश्चिम बंगाल |
| 97 | श्री एन. चन्द्रशेखरण नायर | साहित्य एवं शिक्षा | केरल |
| 98 | डा. तेत्सू नकामूरा (मरणोपरांत) | सामाजिक कार्य | अफगानिस्तान |
| 99 | श्री शिवदत्त निर्मोही | साहित्य एवं शिक्षा | जम्मू एवं कश्मीर |
| 100 | श्री पु. ललबियाकथंगा पचुआऊ | साहित्य एवं शिक्षा-पत्रकारिता | मिजोरम |
| 101 | सुश्री मुझिक्कल पंकजाक्षी | कला | केरल |
| 102 | डा. प्रसंत कुमार पटनायक | साहित्य एवं शिक्षा | अमरीका |
| 103 | श्री जोगेन्द्र नाथ फुकन | साहित्य एवं शिक्षा | असम |
| 104 | सुश्री रहिबाई सोम पोपेरे | अन्य-कृषि | महाराष्ट्र |
| 105 | श्री योगेश प्रवीण | साहित्य एवं शिक्षा | उत्तर प्रदेश |
| 106 | श्री जीतू राय | खेल | उत्तर प्रदेश |
| 107 | श्री तरुणदीप राय | खेल | सिक्किम |
| 108 | श्री एस. रामाकृष्णन | सामाजिक कार्य | तमिलनाडु |
| 109 | सुश्री रानी रामपाल | खेल | हरियाणा |
| 110 | सुश्री कंगना रनौत | कला | महाराष्ट्र |
| 111 | श्री दलवई चलापतिराव | कला | आंध्र प्रदेश |
| 112 | श्री शाहबुद्दीन राठौर | साहित्य एवं शिक्षा | गुजरात |
| 113 | श्री कल्याण सिंह रावत | सामाजिक कार्य | उत्तराखंड |
| 114 | श्री चिंतला वेंकट रेड्डी | अन्य-कृषि | तेलंगाना |
| 115 | श्रीमती डा. शांति राय | चिकित्सा | बिहार |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 116 | श्री राधममोहन एवं सुश्री सबरमती (युगल)* | अन्य-कृषि | ओडिशा |
| 117 | श्री बताकृष्णा साहू | अन्य-पशुपालन | ओडिशा |
| 118 | सुश्री त्रिनिति साईऊ | अन्य-कृषि | मेघालय |
| 119 | श्री अदनान सामी | कला | महाराष्ट्र |
| 120 | श्री विजय संकेश्वर | व्यापार एवं उद्योग | कर्नाटक |
| 121 | डा. कुशल कुंवर सर्मा | चिकित्सा | असम |
| 122 | श्री सैय्यद महबूब शाह कादरी ऊर्फ सैय्यद भाई | सामाजिक कार्य | महाराष्ट्र |
| 123 | श्री मोहम्मद शरीफ | सामाजिक कार्य | उत्तर प्रदेश |
| 124 | श्री श्याम सुंदर शर्मा | कला | बिहार |
| 125 | डा. गुरदीप सिंह | चिकित्सा | गुजरात |
| 126 | श्री रामजी सिंह | सामाजिक कार्य | बिहार |
| 127 | श्री वशिष्ठ नारायण सिंह (मरणोपरांत) | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | बिहार |
| 128 | श्री दया प्रकाश सिन्हा | कला | उत्तर प्रदेश |
| 129 | डॉ. सान्द्र देसा सौजा | चिकित्सा | महाराष्ट्र |
| 130 | श्री विजयसारथी श्रीभाष्यम | साहित्य एवं शिक्षा | तेलंगाना |
| 131 | श्रीमती कली शाबी महबूब एवं श्री शेक महबूब सुबानी (युगल)* | कला | तमिलनाडु |
| 132 | श्री जावेद अहमद टॉक | सामाजिक कार्य | जम्मू एवं कश्मीर |
| 133 | श्री प्रदीप थलाप्पिल | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | तमिलनाडु |
| 134 | श्री येशे दोरजी थॉन्गची | साहित्य एवं शिक्षा | अरुणाचल प्रदेश |
| 135 | श्री रॉबर्ट थर्मन | साहित्य एवं शिक्षा | अमेरिका |
| 136 | श्री अगस इंद्रा उदयन | सामाजिक कार्य | इंडोनेशिया |
| 137 | श्री हरीश चंद्र वर्मा | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | उत्तर प्रदेश |
| 138 | श्री सुंदरम वर्मा | सामाजिक कार्य | राजस्थान |
| 139 | डा. रोमेश टेकचंद वाधवानी | व्यापार एवं उद्योग | अमेरिका |
| 140 | श्री सुरेश वाडकर | कला | महाराष्ट्र |
| 141 | श्री प्रेम वत्स | व्यापार एवं उद्योग | कनाडा |

## इंदौर ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 की पहली दो तिमाहियों में मारी बाजी

- केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के पहली और दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा की है।
- दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में इंदौर लगातार दोनो तिमाहियों में स्वच्छता चार्ट में सबसे ऊपर है, जबकि कोलकाता का सबसे नीचे पायदान पर हैं।
- वही जमशेदपुर ने 1 लाख से 10 लाख की आबादी वाले शहरों में दोनो तिमाहियों में स्वच्छता चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया है।
- पहली बार रैंकिंग को लीग प्रारूप में जारी किया गया और शहर की आबादी के आधार पर तीन तिमाहियों (अप्रैल से जून, जुलाई से सितंबर और अक्टूबर से दिसंबर 2019) में बाँटा गया था। रैंकिंग संचयन, परिवहन, प्रसंस्करण और कचरे के निपटान पर आधारित थी।

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के कुछ मुख्य नतीजे:-**

पहली तिमाही (अप्रैल से जून) में **10** लाख से अधिक आबादी वाले शीर्ष तीन शहर:

**1.** इंदौर (मध्य प्रदेश)
**2.** भोपाल (मध्य प्रदेश)
**3.** सूरत (गुजरात)

**दूसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर) में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शीर्ष तीन शहर:**

**1.** इंदौर (मध्य प्रदेश)
**2.** राजकोट (गुजरात)
**3.** नवी मुंबई (महाराष्ट्र)

**पहली तिमाही (अप्रैल से जून) में एक लाख से 10 लाख आबादी वाले शीर्ष तीन शहर**

1. जमशेदपुर (झारखंड)
2. नई दिल्ली

**दूसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर) में एक लाख से 10 लाख आबादी वाले शीर्ष तीन शहर:**

1. जमशेदपुर (झारखंड)
2. चंद्रपुर (महाराष्ट्र)

**कैंटोनमेंट बोर्डों के बीच, पहली तिमाही (अप्रैल से जून) में रैंकिंग इस प्रकार थी:**

1. सेंट थॉमस माउंट कैंटोनमेंट (तमिलनाडु)
2. झांसी छावनी (उत्तर प्रदेश)
3. दिल्ली छावनी (दिल्ली)

**कैंटोनमेंट बोर्डों के बीच, दूसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर) में रैंकिंग इस प्रकार थी:**

1. दिल्ली छावनी बोर्ड (दिल्ली)
2. झांसी छावनी बोर्ड (उत्तर प्रदेश)
3. जालंधर छावनी बोर्ड (पंजाब)
4. हैदराबाद का सिकंदराबाद कैंटोनमेंट बोर्ड का प्रदर्शन सबसे खराब रहा।

## ग्रैमी अवाड्र्स 2020 की हुई घोषणा: जाने किसे मिला कौन-सा अवार्ड

- **लॉस एंजिल्स** के **स्टेपल्स सेंटर** में 26 जनवरी, 2020 को आयोजित समारोह के दौरान **62 वें वार्षिक ग्रैमी अवाड्र्स** की घोषणा की गई। इस शो को गायकइसे था। किया होस्ट ने कीज़ एलिसिया गीतकार- 1 अक्टूबर, 2018 से 31 अगस्त, 2019 तक चलने वाली पात्रता वर्ष की सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्डिंग, कम्पोजीशन और कलाकार के लिए चुना गया था।

- **ग्रैमी अवाड्र्स 2020 के विजेताओं की पूरी सूची नीचे दी गई है:-**

| Sl. No. | श्रेणी | विजेता |
|---|---|---|
| 1. | एल्बम ऑफ़ द इयर | **व्हेन वी ऑल फॉल अस्लीप** (बिली इलिश) |
| 2. | रिकॉर्ड ऑफ़ द इयर | **बैड गाय** (बिली इलिश) |
| 3. | बेस्ट न्यू आर्टिस्ट | **बिली इलिश** |
| 4. | बेस्ट रैप एल्बम | **इगोर** (टायलर द क्रिएटर) |
| 5. | बेस्ट आर&बी एल्बम विनर | वेंचुरा (एंडरसन पाक) |
| 6. | बेस्ट रैप सॉन्ग | **ए लॉट** |
| 7. | बेस्ट कंट्री एल्बम | व्हाइल आई एम लिव इन (तान्या टकर) |
| 8. | सॉन्ग ऑफ़ द इयर | **बैड गाय** (बिली इलिश ओ'कोनेल और फिननीस ओ'कोनेल) |
| 9. | बेस्ट रॉक एल्बम | **सोशल कूस** (केज द एलिफेंट) |
| 10. | बेस्ट रॉक सॉन्ग | दिस लैंड (गैरी क्लार्क जूनियर) |

| | | |
|---|---|---|
| **11.** | बेस्ट डांस / इलेक्ट्रॉनिक एल्बम | नो जियोग्राफी (द कैमिकल ब्रदर्स ) |
| **12.** | प्रोडूसर ऑफ़ द इयर, क्लासिक | ब्लैंटन अलस्पॉज़ |
| **13.** | बेस्ट म्यूजिक वीडियो | ओल्ड टाउन रोड |
| **14.** | बेस्ट कंट्री सॉन्ग | ब्रिंग माय फ्लॉवर्स नाऊ |
| **15.** | बेस्ट फोक एल्बम | पैटी ग्रिफिन |
| **16.** | बेस्ट कॉमेडी एल्बम | स्टिक्स एंड स्टोन्स (डेव चैपल) |

## राष्ट्र में देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया *71*वां गणतंत्र दिवस

देश में **71 वां गणतंत्र दिवस राजपथ**, नई दिल्ली में आयोजित भव्य सैन्य परेड और देश के इतिहास, सांस्कृतिक विविधता और सामरिक शक्ति को दर्शाने वाली प्रदर्शनी के साथ मनाया गया। भारत का गणतंत्र दिवस हर साल 26 जनवरी को देशभर में मनाया जाता है, जिसे भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया गया है। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमर जवान ज्योति के स्थान पर राष्ट्रीय समर स्मारक पर देश की खातिर अपना जीवन बलिदान करने वाले जवानों को श्रद्धांजलि देकर की। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और राष्ट्रीय गान गाया गया तथा 21 तोपों की सलामी दी गई।

**71 वें गणतंत्र दिवस से जुड़े महतवपूर्ण तथ्य**

- इस वर्ष के ब्राजील के राष्ट्रपति **जाइर मैसियास बोलसोनारो** गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि थे।
- पहली बार, **CRPF** की महिला बाइकर्स की टुकड़ी ने साहसी करतब दिखायें।
- परेड में पहली बार **जम्मू और कश्मीर ने केंद्र शासित प्रदेश** के रूप में हिस्सा लिया।
- **मेघालय** की झांकी में राज्य के प्रमुख पर्यटक आकर्षण स्थल **डबल डेकर लिविंग रूट ब्रिज** को दर्शाया गया है।
- **तेलंगाना** ने अपने पुष्प उत्सव **बटुकम्मा** की सुन्दर झाकी प्रस्तुत की।
- **गुजरात** की झांकी **रानी की वाव** - जल मंदिर, के विषय पर प्रस्तुत की गई जो प्राचीन भारतीय स्थापत्य शैली, निर्माण कार्य और शिल्प कौशल का एक अनूठा उदाहारण है।
- वायु सेना ने **राफेल विमान, तेजस विमान**, हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर, आकाश मिसाइल सिस्टम और एस्ट्रा मिसाइल के मॉडल प्रदर्शित किए गए।
- परेड में **सुखोई** और नई तकनीक से लैस हल्के लड़ाकू विमान के साथ हाल ही में शामिल हुए **चिनूक** और **अपाचे** हेलीकॉप्टरों प्रमुख आकर्षण का केंद्र थे।
- इनके अलावा सैटेलाइट-रोधी आयुध: **मिशन शक्ति**, सेना का युद्धक टैंक **भीष्म** को भी परेड में दिखाया गया था।
- **भारत में क्यों मनाया जाता हैं गणतंत्र दिवस ?**
- भारत **15 अगस्त, 1947** को स्वतंत्र हुआ था। स्वतंत्रता के बाद भी देश के पास अपना संविधान नहीं था। संविधान लागू होने से पहले के देश में **भारत सरकार अधिनियम 1935** लागू था। स्थायी संविधान और स्वयं की शासन निकाय की आवश्यकता को महसूस करते हुए, भारत सरकार ने **28 अगस्त 1947** को एक समिति का गठन किया जिसका अध्यक्ष **डॉ. बीआर अंबेडकर** को चुना गया।
- लगभग 3 वर्षों के मंथन के बाद **संसद के 308 सदस्यों** ने कई परामर्शों और कुछ संशोधनों के बाद अंततः **24 जनवरी 1950** को संविधान पर हस्ताक्षर किए, जिसे **26 जनवरी 1950** को लागू किया गया। तब से ही भारत में उस दिन हर साल गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## आंध्र प्रदेश कैबिनेट ने विधान परिषद को समाप्त करने का प्रस्ताव किया पारित

- आंध्र प्रदेश कैबिनेट ने सरकार के महत्वपूर्ण बिलों को पारित करने में आ रही बड़ी अड़चन **राज्य की विधान परिषद** को समाप्त करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिया है। इस कैबिनेट की अध्यक्षता मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने की।
- एपी सरकार ने यह फैसला तीन राजधानियों से संबंधित अपने दो महत्वपूर्ण विधेयक (आंध्र प्रदेश विकेंद्रीकरण और समावेशी विकास और एपी कैपिटल रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (CRDA) अधिनियम विधेयक) के ऊपरी सदन **(विधान परिषद)** में पारित कराने में विफल होने के कारण लिया हैं।

## 71 वें गणतंत्र दिवस परेड में असम की झांकी ने जीता प्रथम पुरस्कार

- इस वर्ष की **गणतंत्र दिवस परेड** में शामिल राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों में **असम की झांकी** को **प्रथम पुरस्कार** दिया गया। असम की झांकी का विषय **"अद्वितीय शिल्प कौशल और संस्कृति की भूमि" ("Land of unique craftsmanship and culture")** था, जिसमे बांस और बेंत के काम को दर्शाया गया और क्षत्रिय नर्तकियों द्वारा भोर्तल नृत्य प्रस्तुत किया गया था। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गणतंत्र दिवस परेड़ 2020 में शामिल सर्वश्रेष्ठ झांकियों को पुरस्कार प्रदान दिए गए।
- **ओडिशा और उत्तर प्रदेश** की झांकियां **दूसरे** स्थान पर रहीं। ओडिशा की झांकी में भगवान लिंगराज की रूकना रथ यात्रा प्रदर्शित की गई थी, जबकि उत्तरप्रदेश की झांकी में राज्य की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को दर्शाया गया था।
- **राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF)** और **जल शक्ति मिशन** की झांकियों को **मंत्रालयों और विभागों की झांकियों में सबसे** श्रेष्ठ का पुरस्कार दिया गया। **केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (CPWD)** को उसकी झांकी **कश्मीर से कन्याकुमारी** के लिए विशेष पुरस्कार दिया गया।

## ऑक्सफोर्ड ने "संविधान" को वर्ष *2019* का हिंदी शब्द किया घोषित

- **ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस** ने **"संविधान"** (Constitution) को वर्ष 2019 का **ऑक्सफोर्ड हिंदी वर्ड** चुना है। इस शब्द ने पिछले साल बड़े पैमाने पर अपनी ओर ध्यान आकर्षित किया, जो कि भारतीय संविधान की भावना का साक्षी हैं, जिसे समाज के हर वर्ग द्वारा अपनाया गया था। इस शब्द को 2019 में लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों को "संविधान" की कसौटी पर परखा गया था।
- " संविधान " का अर्थ है "मूलभूत सिद्धांतों पर या स्थापित मिसाल दृष्टिकोण जिसके अनुसार किसी राज्य या संगठन को शासित किया जाता है"।

## आरबीआई ने शहरी सहकारी बैंक के लिए पर्यवेक्षी ढांचे के बदलाव का लिया फैसला

**भारतीय रिजर्व बैंक** ने शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के लिए **पर्यवेक्षी ढांचे** में परिवतर्न करने का निर्णय लिया है। इसमें **यूसीबी बैंकों** में वांछित सुधार लाने तथा **वित्तीय तनाव** का अनुभव कर रहे बैंकों के **जल्द समाधान** करना है। संशोधित ढांचा विभिन्न मापदंडों के लिए थ्रेसहोल्ड को निर्धारित करता है जो यूसीबी द्वारा सुधारात्मक कार्रवाई या केंद्रीय बैंक द्वारा पर्यवेक्षी कार्रवाई को ट्रिगर कर सकता है।

- UCB पर निम्नलिखित परिस्थितियों में पर्यवेक्षी कार्रवाई की जा सकती है:
- जब इसका **अनर्जक आस्ति (NPA)** इसकी शुद्ध अग्रिमों का 6% से अधिक हो।
- जब इसका जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात **(CRAR)** 9% से नीचे हो।
- जब इसने लगातार **दो वित्तीय वर्षों के लिए घाटा** उठाया हो या इसकी **बैलेंस शीट पर घाटा** हो।
- साथ ही आरबीआई **बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35A** के तहत सभी **समावेशी निर्देशों को लागू करने** जैसी विभिन्न कार्रवाई भी कर सकता है। बैंकिंग लाइसेंस रद्द करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने पर भी आरबीआई द्वारा विचार किया जा सकता है यदि यूसीबी का सामान्य कामकाज अपने जमाकर्ताओं के हित में हो।

## केंद्र सरकार ने "राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक 2019" जारी किया

- केंद्र सरकार ने **"राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक 2019"** जारी किया है। सूचकांक नई दिल्ली में आयोजित **'रिव्यू, प्लानिंग, और मॉनिटरिंग (RPM)'** बैठक के दौरान जारी किया गया। सूचकांक को **ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी** (BEE) के साथ-साथ **एलायंस फॉर एनर्जी एफिशिएंट इकोनॉमी** (AEEE) द्वारा तैयार किया जाता है। SEE सूचकांक 2019 में **36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों** में चल रही एनेर्ऊजी एफिशिएंट (EE) ड्राइव के विस्तार और उपलब्धियों का पता लगाया गया है। SEE इंडेक्स 2019 मे **पांच अलग-अलग क्षेत्रों** परिवहन, उद्योग, कृषि, भवन, नगरपालिका और DISCOM में ऊर्जा दक्षता पहल, कार्यक्रमों और परिणामों की जाँच के लिए 97 इन्डिकेटर्स पर आधारित होगी।
- राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक 2019 यानी **State Energy Efficiency Index 2019** ने सभी क्षेत्रों में बिजली, कोयला, तेल, गैस आदि के माध्यम से राज्य / केंद्रशासित प्रदेश की वास्तविक ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए वांछित कुल प्राथमिक ऊर्जा आपूर्ति (TPES) के आधार पर राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों को 4 समूहों में विभाजित किया है। 4 समूह हैं: 'फ्रंट रनर', 'अचीवर', 'कंटेंडर' और 'एस्पिरेंट'।
- **SEE सूचकांक 2019 के मुख्य परिणाम:**
- राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक 2019 में हरियाणा, कर्नाटक और केरल ने टॉप किया है , जबकि मणिपुर, जम्मू और कश्मीर, झारखंड और राजस्थान ने अपने-अपने समूहों में सबसे खराब प्रदर्शन किया। हरियाणा, कर्नाटक और केरल राज्य "अचीवर" समूह में थे और "फ्रंट रनर" समूह में एक भी राज्य नहीं था।

## RBI ने चुनिंदा बैंकों को 24x7 रुपये में व्यापार करने की दी मंजूरी

- **भारतीय रिज़र्व बैंक** ने चुनिंदा बैंकों को भारतीय रुपये में **24x7 (राउंड-द-क्लॉक)** व्यापार करने की पेशकश की है, जिससे भारतीय बैंक किसी भी समय अपनी **विदेशी मुद्रा** जोखिमों को सुरक्षित कर सकेंगे।
- भारत में चुनिंदा बैंकों को भारतीय ग्राहकों को केवल सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बैंकिंग के समय में विदेशी विनिमय दरों की पेशकश की। इस निर्णय से भारतीय निवेशकों के लिए दुबई और सिंगापुर जैसे देशों के अपतटीय मुद्रा बाजार और अधिक आकर्षित होंगे।

## भारत को *2020* के *5* वें सबसे बड़े भू-राजनीतिक जोखिम के रूप में किया गया सूचीबद्ध

**प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व भारत को 2020 के 5 वें सबसे बड़े भू-राजनीतिक जोखिम** के रूप में **सूचीबद्ध** किया गया है। यह रिपोर्ट यूरेशिया ग्रुप द्वारा तैयार की जाती हैं। इस रिपोर्ट में वर्ष 2020 के **'शीर्ष 10 जोखिम'** के बारे में बताया गया है।

**2020** के **शीर्ष 10 जोखिम** इस प्रकार हैं:

- **धांधली !: यूएस को नियंत्रण कौन रहा हैं ? (RIGGED!: WHO GOVERNS THE US?)**
- बड़े फैसले (THE GREAT DECOUPLING)
- यूएस / चीन (US/CHINA)
- MNCS को नहीं बचाया जा रहा हैं (MNCS NOT TO THE RESCUE)
- **इंडिया गेट्स मोदी-फाइड (INDIA GETS MODI-FIED)**
- यूरोप भू-राजनीतिक जोखिम (GEOPOLITICAL EUROPE)
- पॉलिटिक्स V/S जलवायु परिवर्तन की आर्थिक व्यवस्था (POLITICS VS. ECONOMICS OF CLIMATE CHANGE)
- शिया क्रेसेडो (SHIA CRESCENDO)
- लैटिन अमेरिका में असंतोष (DISCONTENT IN LATIN AMERICA)
- तुर्की (TURKEY)

**यूरेशिया समूह** वैश्विक निवेशकों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों और विभिन्न वित्तीय और व्यावसायिक सलाहकारों के बीच प्रमुख भू राजनीतिक संकेतकों में से एक पर विचार करके सालाना **शीर्ष 10** पर वार्षिक रिपोर्ट जारी करता है

## RBI ने शिवालिक मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक को SFB बदलने की दी मंजूरी

- **भारतीय रिज़र्व बैंक** ने **शिवालिक मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड** को **लघु वित्त बैंक (SFB)** में परिवर्तित करने की **"सैद्धांतिक"** मंजूरी दे दी है।
- **SFB** में परिवर्तन 27 सितंबर 2018 को जारी **"शहरी सहकारी बैंकों का लघु वित्त बैंक में स्वैच्छिक परिवर्तन संबंधी योजना"** के तहत किया जाएगा।
- ये मंजूरी "सैद्धांतिक" अनुमोदन **18 माह के लिए वैध होगा** ताकि आवेदक निजी क्षेत्र में लघु वित्त बैंकों को 'मांग पर' लाइसेंस प्रदान करने संबंधी दिशानिर्देश का अनुपालन तथा रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित अन्य शर्तों को पूरा करने जैसी योजना की अपेक्षाओं का अनुपालन करने में सक्षम हो सके.
- इस बात से संतुष्ट होने पर कि "सैद्धांतिक" अनुमोदन के भाग के रूप में रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित अपेक्षित शर्तों का आवेदक ने अनुपालन किया है, रिज़र्व बैंक **बैंकिंग विनियमन अधिनियम,1949 की धारा 22 (1)** के तहत बैंकिंग कारोबार शुरू करने के लिए बैंक को लाइसेंस प्रदान करने पर विचार करेगा।

## RBI ने "वीडियो आधारित ग्राहक पहचान प्रक्रिया" को दी मंजूरी

- **भारतीय रिजर्व बैंक** ने **बैंकों और अन्य ऋण** देने वाले संस्थानों के लिए **अपने ग्राहक को पहचानिए** (के वाई सी) से संबंधित नियमों में बदलाव किया है। RBI द्वारा KYC में संशोधन कर विनियमित बैंकों और अन्य ऋणदाता संस्थाओं को **वीडियो आधारित ग्राहक पहचान प्रक्रिया (V-CIP)** के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है।
- इस कदम से दूरदराज के ग्राहकों को मदद मिलेगी। साथ ही V-CIP, RBI केअपने ग्राहक को पहचानिए (KYC) नियमों को पूरा करते हुए बैंकों और अन्य विनियमित संस्थाओं को सुविधा प्रदान करेगा। V-CIP के तहत रिकोर्ड की जा रही **वीडियो** रिकॉर्डिंग सुरक्षित तरीके से रिकॉर्ड करना और **उस पर तारीख तथा समय की मुहर लगाना** आवश्यक होगा।
- इसके अलावा RBI ने बैंको को ग्राहक पहचान प्रक्रिया (CIP) के दौरान ग्राहको से लिए गए **पैन कार्ड** की **क्लियर पिक्चर लेने की** भी सलाह दी है।
- साथ ही रिजर्व बैंक ने बैंकों और अन्य विनियमित संस्थाओं को भारत में ग्राहक की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए **ग्राहक के स्थान की जानकारी** जिओ टैगिंग के माध्यम से करने की सलाह दी हैं।

## RBI ने जारी की "वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति " रिपोर्ट

- **भारतीय रिज़र्व बैंक** ने वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति (एनएसएफ़आई): 2019-2024 रिपोर्ट जारी की है. वित्तीय समावेशन सलाहकार समिति (FIAC) के तत्वावधान में RBI द्वारा 2019-2024 की अवधि के लिए वित्तीय समावेशन की राष्ट्रीय रणनीति तैयार की गई है। वित्तीय स्थिरता विकास परिषद (FSDC) द्वारा रिपोर्ट की पुष्टि की गई है.
- **आधिकारिक बयान के अनुसार,** वैश्विक स्तर पर, पिछले एक दशक में राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन कार्यनीतियों (एनएफ़आईएस) को

अपनाने में काफी तेजी आई है। वैश्विक प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए, वित्तीय समावेशन सलाहकार समिति (एफ़आईएसी) के तत्वावधान में भारतीय रिज़र्व बैंक ने 2019-2024 की अवधि के लिए वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति (एनएसएफ़आई) तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की है। सभी हितधारकों के साथ गहन विचार-विमर्श किया गया है.

- रिपोर्ट में वित्तीय समावेशन के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए **रणनीतिक उद्देश्यों** के भाग के रूप में निम्नलिखित **6 स्तंभों को** पेश किया गया है :

1. वित्तीय सेवाओं के लिए यूनिवर्सल एक्सेस
2. वित्तीय सेवाओं के बेसिक बकेट प्रदान करना
3. आजीविका और कौशल विकास तक एक्सेस
4. वित्तीय साक्षरता और शिक्षा
5. ग्राहक संरक्षण और शिकायत निवारण
6. प्रभावी समन्वय

## सेना दिवस: 15 जनवरी

- भारत में हर साल **15 जनवरी** को **सेना दिवस** मनाया जाता है। इस वर्ष देशभर में **72 वां सेना दिवस** मनाया जा रहा है.
- आज ही के दिन आजादी के बाद 1949 में देश के पहले **कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के.एम करियप्पा** ने **अंतिम ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ एफ.आर.आर बुशर** से **सैन्य कमान** अपने हाथों में ली थी।.

## राष्ट्रीय राजमार्ग उत्कृष्टता पुरस्कार 2019

केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री, **नितिन गडकरी** ने **नई दिल्ली** में **राष्ट्रीय राजमार्ग उत्कृष्टता पुरस्कार 2019** प्रदान किए। इन पुरस्कारों की शुरूआत 2018 में की गई थी, राष्ट्रीय राजमार्ग उत्कृष्टता पुरस्कार देने का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए सड़क निर्माण, संचालन, रखरखाव और सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाली कंपनियों को सम्मानित करना है।

ये पुरस्कार निम्न सात श्रेणियां में प्रदान किए जाते हैं :

(1) परियोजना प्रबंधन में उत्कृष्टता
(2) परिचालन और रखरखाव में उत्कृष्टता
(3) टोल प्रबंधन में उत्कृष्टता
(4) राजमार्ग सुरक्षा में उत्कृष्टता
(5) नवाचार
(6) चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में शानदार काम
(7) हरित राजमार्ग

## हरीश साल्वे बने क्वीन एलिजाबेथ के काउंसेल

- भारतीय वकील **हरीश साल्वे** को **क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय** के **वरिष्ठ अधिवक्ता** के रूप में नियुक्त किया गया है. उन्हें इंग्लैंड और वेल्स की अदालतों के लिए महारानी के वकील (QC) के रूप में नियुक्त किया गया है. उनका नाम ब्रिटेन के न्याय मंत्रालय द्वारा 13 जनवरी को जारी सिल्क नियुक्तियों की सूची में दिखाया गया है. साल्वे और अन्य नियुक्तियों को औपचारिक रूप से 16 मार्च 2020 को रानी के वकील के रूप में नियुक्त किया जाएगा. रानी के वकील का खिताब उन लोगों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने वकालत के संचालन में विशेष कौशल और विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया है.
- हरीश साल्वे ने अपना एल.एल.बी. नागपुर विश्वविद्यालय से और 1980 में जेबी दादाचंदजी एंड कंपनी के साथ अपना करियर शुरू किया. उन्हें 1992 में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया था. साल्वे को 2013 में ब्लैकस्टोन चेम्बर्स के लिए बुलाया गया था**.** उन्होंने कुलभूषण जाधव प्रत्यर्पण मामले में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के समक्ष भारत का प्रतिनिधित्व किया था.

## प्रसिद्ध लेखक वासदेव मोही 29वें सरस्वती सम्मान से सम्मानित

- विख्यात सिंधी लेखक **वासदेव मोही** को **29वें सरस्वती सम्मान** से सम्मानित किया जाएगा. उन्हें उनके 2012 में प्रकाशित लघु कथा संग्रह **चेकबुक** के लिए चुना गया है. इस लघुकथा संग्रह में समाज के हाशिए के तबकों और पीड़ाओं के बारे में बात की गई है. उन्होंने कविता, कहानी और अनुवाद की 25 किताबें लिखी हैं. उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है.
- सरस्वती सम्मान केके बिड़ला फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष दी जाने वाली साहित्यिक मान्यता है. सरस्वती सम्मान 15 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति पत्र और एक पट्टिका प्रदान करता है**.** सरस्वती सम्मान के अलावा, केके बिड़ला फाउंडेशन - एक साहित्यिक और सांस्कृतिक संगठन द्वारा दो अन्य पुरस्कारों की स्थापना की गई है - व्यास सम्मान (भारतीय नागरिकों द्वारा हिंदी कार्यों के लिए) और बिहारी पुरस्कार (राजस्थानी लेखकों द्वारा हिंदी / राजस्थानी कार्यों के लिए).

## हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2020: पूर्ण जानकारी

**हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2020** लॉन्च किया गया है. रैंकिंग रिपोर्ट इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (IATA) के डेटा पर आधारित है, जिसमें सभी प्रमुख वाहक सहित कुछ 290 एयरलाइनों का एक ट्रेड एसोसिएशन है. हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में 199 अलग-अलग पासपोर्ट और 227 अलग-अलग यात्रा गंतव्य शामिल हैं.

**महत्वपूर्ण मुख्य बिंदु: हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2020**

- इस सूची में **जापान** सबसे ऊपर था**.** जापान तीन वर्षों से लगातार सूचकांक में शीर्ष पर है. जापान अब 191 देशों तक पहुंच सकता है**.**
- जापान के बाद **सिंगापुर, जर्मनी और दक्षिण कोरिया थे.**
- भारतीय पासपोर्ट दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट सूचकांक 2020 में ताजिकिस्तान और मॉरिटानिया के साथ 84 वें स्थान पर है, जो 2019 में 82 वें स्थान पर था.

- वर्तमान में भारतीय नागरिक बिना पूर्व वीजा प्राप्त किए दुनिया के केवल 58 गंतव्यों तक पहुंच सकते हैं.
- **अफगानिस्तान (107)** दुनिया के सबसे खराब पासपोर्ट में से एक था.
- **सर्बिया** एकमात्र यूरोपीय देश है, जहां भारतीय पासपोर्ट धारक वीजा-मुक्त यात्रा कर सकते हैं.
- 2020 के लिए शीर्ष 10 सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, इटली, फिनलैंड, स्पेन, अमेरिका और यूके, लक्समबर्ग, डेनमार्क हैं**.**
- जिस दस्तावेज ने दस वर्षों में सबसे बड़ी संख्या में नए क्षेत्रों का द्वार खोला है, वह संयुक्त अरब अमीरात का पासपोर्ट है, जिसे रैंकिंग में 18 वां स्थान दिया गया है और 171 देशों तक आसानी से पहुंचने की अनुमति है.
- **हेनले पासपोर्ट इंडेक्स क्या है?**
- हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की शुरुआत 2006 में यात्रा की स्वतंत्रता की वैश्विक तस्वीर प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी. पासपोर्ट इंडेक्स में वीज़ा-फ्रीज़ स्कोर, वर्ल्ड ओपननेस स्कोर, वेल्किंग स्कोर और ग्लोबल मोबिलिटी स्कोर शामिल हैं. जब ये स्कोर अधिक होते हैं, तो पासपोर्ट सूचकांक भी उच्च होता है और इस तरह के पासपोर्ट को अत्यधिक शक्तिशाली कहा जाता है.

## वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने "द ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट 2020" : रिपोर्ट से मुख्य बिंदु

- वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने **"द ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट 2020"** की जारी की है. ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट 2020 WEF की ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट का 15 वां संस्करण है, जो **मार्श और मैक्लेनन और ज्यूरिख बीमा समूह** की साझेदारी में तैयार की गई है. ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट 2020 WEF के ग्लोबल रिस्क इनिशिएटिव का एक हिस्सा है.
- यहाँ 2020 में दुनिया के सामने आने वाले "संभावित 10 शीर्ष जोखिमों (बहु हितधारक द्वारा बताए गए)" और "प्रभाव द्वारा शीर्ष 10 जोखिमों" (बहु हितधारकों द्वारा बताए गए") की सूची प्रदान की गई है.

| क्रम संख्या | "प्रभाव" द्वारा शीर्ष 10 जोखिम | क्रम संख्या | "संभावित" शीर्ष 10 जोखिम |
|---|---|---|---|
| 1 | जलवायु कार्रवाई विफलता | 1 | कठोर मौसम |
| 2 | जन संहार करने वाले हथियार | 2 | जलवायु कार्रवाई विफलता |
| 3 | जैव विविधता हानि | 3 | प्राकृतिक आपदा |
| 4 | कठोर मौसम | 4 | जैव विविधता हानि |
| 5 | पानी का संकट | 5 | मानव निर्मित पर्यावरणीय आपदाएँ |
| 6 | सूचना का बुनियादी ढांचा टूटना | 6 | डेटा धोखाधड़ी या चोरी |
| 7 | प्राकृतिक आपदा | 7 | साइबर हमले |
| 8 | साइबर हमले | 8 | पानी का संकट |
| 9 | मानव निर्मित पर्यावरणीय आपदाएँ | 9 | वैश्विक शासन की विफलता |
| 10 | संक्रामक रोग | 10 | एसेट बबल |

**यहां शॉर्ट-टर्म रिस्क आउटलुक की पूरी सूची है (मल्टीस्टेकहोल्डर्स द्वारा कहा गया है):**

| क्र.सं. | शॉर्ट टर्म रिस्क आउटलुक |
|---|---|
| 1 | आर्थिक टकराव |
| 2 | घरेलू राजनीतिक ध्रुवीकरण |
| 3 | अत्यधिक गर्मी की लहरें |
| 4 | प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र का विनाश |
| 5 | साइबर हमले: बुनियादी ढाँचा |
| 6 | व्यापार / निवेश पर संरक्षणवाद |
| 7 | लोकलुभावनवादी और जातिवादी एजेंडा |
| 8 | साइबर हमले: पैसे / डेटा की चोरी |
| 9 | एक प्रमुख अर्थव्यवस्था में मंदी |
| 10 | अनियंत्रित आग |

## ICC अवार्ड्स 2019 की घोषणा: विजेताओं की पूरी सूची

- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने 2019 के अपने वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। इस वर्ष ICC पुरस्कारों में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के कई बड़े स्टार क्रिकेटर को पुरस्कार दिया गया है.

| S. No. | पुरस्कार | विजेता |
|---|---|---|
| 1 | सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी फॉर बेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर | बेन स्टोक्स (इंग्लैंड) |
| 2 | टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर | पैट कमिंस (ऑस्ट्रेलिया) |
| 3 | वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर | **रोहित शर्मा (भारत)** |
| 4 | T20I पर्फोर्मेंस ऑफ द ईयर | **दीपक चाहर** (भारत, बांग्लादेश के खिलाफ 7 रन देकर 6 विकेट लेने के लिए) |
| 5 | इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर | मारनस लाबुस्चगने (ऑस्ट्रेलिया) |
| 6 | एसोसिएट क्रिकेटर ऑफ द ईयर | काइल कोइज़र (स्कॉटलैंड) |
| 7 | स्पिरिट ऑफ़ क्रिकेट अवार्ड | **विराट कोहली** (भारत, ओवल के भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच के दौरान स्टीव स्मिथ को बू करने वाले प्रशंसकों को रोकने के लिए) |
| 8 | डेविड शेफर्ड ट्रॉफी फॉर अंपायर ऑफ द ईयर | रिचर्ड इलिंगवर्थ |
| 9 | **फैंस मोमेंट ऑफ द ईयर 2018** | **भारत ने U19 क्रिकेट विश्व कप 2018 जीता** |

- **इसके अलावा आईसी ने पुरुष वनडे और टेस्ट टीमों की भी घोषणा की हैं:-**
- **आईसी की एकदिवसीय टीम ऑफ द ईयर** (बैटिंग ऑर्डर के अनुसार) है: रोहित शर्मा, शाई होप, विराट कोहली (कप्तान), बाबर आजम, केन विलियमसन, बेन स्टोक्स, जोस बटलर (विकेटकीपर), मिशेल स्टार्क, ट्रेंट बाउल्ट, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव।
- **आईसी की टेस्ट टीम ऑफ द ईयर** (बल्लेबाजी क्रम के अनुसार) है: मयंक अग्रवाल, टॉम लाथम, मारनस लेबुस्चगने, विराट कोहली (कप्तान), स्टीव स्मिथ, बेन स्टोक्स, बीजे वाटलिंग (विकेटकीपर) ), पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, नील वैगनर, नाथन लियोन।
- **ICC महिला  क्रिकेट पुरस्कार के विजेताओं की सूची इस प्रकार है:**

| S.No. | पुरस्कार | खिलाड़ी |
|---|---|---|
| 1 | रशेल हेहो फ्लिंट अवार्ड फॉर आईसीसी वीमेन क्रिकेटर ऑफ द ईयर | एलिसे पेरी (ऑस्ट्रेलिया) |
| 2 | आईसीसी वीमेन वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर | एलिसे पेरी (ऑस्ट्रेलिया) |
| 3 | ICC वीमेन T20I प्लेयर ऑफ द ईयर | एलिसा हीली (ऑस्ट्रेलिया) |
| 4 | आईसीसी वीमेन इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर | चनिदा सुथिरुआंग (थाईलैंड) |

- **इसके अलावा ICC ने वीमेन वनडे और टेस्ट टीमों की भी घोषणा की हैं:-**
- **ICC** की **वीमेन एकदिवसीय टीम ऑफ द ईयर** (बल्लेबाजी क्रम के अनुसार ) है: एलिसा हीली (विकेट कीपर), स्मृति मंधाना, तमसिन ब्यूमोंट, मेग लैनिंग (कप्तान), स्टानैनी टेलर, एलिसे पेरी, जेस जोनासेन, शिखा पांडे, झूलन गोस्वामी, मेगन शुट्ट, पूनम यादव।
- **ICC की वीमेन टेस्ट टीम ऑफ द ईयर** (बैटिंग ऑर्डर के अनुसार) हैं: एलिसा हीली (wk), डेनिएल व्याट, मेग लैनिंग (कप्तान), स्मृति मंधाना, लिजलि ली, एलिसे पेरी, दीप्ति शर्मा, निदा डार, की घोषणा की मेगन शुट्ट, शबनम इस्माइल, राधा यादव।

## अमेरिका ने चीन को "मुद्रा मैनिपुलेटर" सूची से हटाया

- **अमेरिका के ट्रेजरी विभाग** ने **चीन** को **"मुद्रा मेनिपुलेटर"** की सूची से हटा दिया है। यह फैसला यूएस-चीन व्यापार समझौते के पहले चरण के शुरू होने से ठीक पहले लिया गया।
- अगस्त 2019 में, चीन को आधिकारिक तौर पर अमेरिका द्वारा "मुद्रा हेरफेर" (मुद्रा मेनिपुलेटर) के रूप में चिन्हित किया गया था और चीन पर व्यापार में "अनुचित प्रतिस्पर्धात्मक लाभ" लेने के लिए युआन के इस्तेमाल का भी आरोप लगाया था। 1994 के बाद यह मौका हैं जब चीन को "मुद्रा मैनिपुलेटर" के रूप में चिन्हित किया गया हैं।

## संयुक्त राष्ट्र ने 2020 की विश्व आर्थिक स्थिति और संभावना रिपोर्ट की जारी

- संयुक्त राष्ट्र ने अपनी वार्षिक फ्लैगशिप रिपोर्ट **"संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक स्थिति और संभावना रिपोर्ट 2020"** जारी की है। रिपोर्ट में 2030 के सतत विकास लक्ष्य की दृष्टि से विश्व अर्थव्यवस्था की स्थिति को दर्शाया गया है।
- रिपोर्ट आर्थिक और सामाजिक मामलों के संयुक्त राष्ट्र विभाग (**UN** DESA), व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (**UNCTAD**) और पाँच संयुक्त राष्ट्र क्षेत्रीय आयोग: अफ्रीका के लिए आर्थिक आयोग (**UNECA**), यूरोप के लिए आर्थिक आयोग (**UNECE**), लैटिन अमेरिका और कैरेबियन के लिए आर्थिक आयोग

(**UNECLAC**), एशिया और प्रशांत के लिए आर्थिक और सामाजिक आयोग (UNESCAP) और पश्चिमी एशिया के लिए आर्थिक और सामाजिक आयोग (**UNESCWA**) संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (**UNWTO**), संयुक्त राष्ट्र के कम विकसित देशों के लिए उच्च प्रतिनिधि का कार्यालय, लैंडलॉक्ड विकासशील देशों और छोटे द्वीप विकासशील राज्यों (**UN-OHRLLS**), और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (**ILO**) ने भी रिपोर्ट में अपना योगदान दिया।

**WESP रिपोर्ट 2020 के मुख्य निष्कर्ष:**

- रिपोर्ट में बताया गया है कि वैश्विक वृद्धि 2019 में 10 वर्ष के सबसे निचले स्तर 2.3% पर पहुंच गई थी, और वर्ष 2020 में वैश्विक विकास दर 2.5% जबकि 2021 में 2.7% पर रहने का अनुमान हैं।
- वैश्विक स्तर पर, प्रति व्यक्ति आय में स्थिरता या गिरावट के मुद्दे को वर्ष 2020 में प्रत्येक 5 देशों में 1 का सामना करना पड़ेगा।
- उत्पाद निर्भर विकासशील देशों के लिए, प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद की औसत वृद्धि 2010-2014 में 2.9% प्रति वर्ष से गिरकर 2015–2019 में केवल 0.5% हो गई है।
- इस रिपोर्ट में 2020 तक सबसे कम विकसित देशों में सकल घरेलू उत्पाद के विस्तार को 5.1% और 2021 में 5.4% का अनुमान लगाया है।
- 2019 में सभी मौद्रिक नीति परिवर्तनों का 85% कसने के बजाय सहजता की ओर अग्रसर हुआ और इसलिए वैश्विक वित्तीय संकट के बाद से वैश्विक मौद्रिक नीति में व्यापक बदलाव को चिह्नित किया गया।
- 2010 से 2019 की अवधि के दौरान, ब्याज भुगतान पर खर्च किए गए सरकारी राजस्व का हिस्सा विकासशील देशों के 70% से अधिक हो गया है।
- इसके अलावा, डब्ल्यूईएसपी रिपोर्ट 2020 के अनुसार, पूर्वी एशिया दुनिया का सबसे तेजी से वृद्धि करने वाला क्षेत्र बना हुआ है।

## भारत EIU के लोकतंत्र सूचकांक में 10 पायदान फिसलकर पहुंचा 51 वें स्थान पर

**इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU)** द्वारा जारी **"डेमोक्रेसी इंडेक्स 2019 की** सूची में **विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत 2019 की वैश्विक रैंकिंग** में 10 पायदान फिसलकर **51 वें स्थान** पर पहुँच गया हैं। भारत की स्थिति को नुकसान नागरिक स्वतंत्रता में आई कमी के कारण हुआ है।

उनके कुल स्कोर के आधार पर**,** देशों को 4 प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है:

- शासन पूर्ण लोकतंत्र (**8** से अधिक अंक स्कोरिंग)
- फ़्लौव्ड लोकतंत्र (**6** से अधिक लेकिन **8** या **8** से कम)
- हाइब्रिड शासन (**4** से अधिक लेकिन **6** या **6** से कम)
- अधिनायकवादी शासन (**4** या उससे कम)

प्रमुख परिणाम**:**

- **9.87** के स्कोर के साथ नॉर्वे सूची में सबसे ऊपर है
- उत्तर कोरिया **1.08** अंकों के साथ **167** वें स्थान पर है.
- विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत को **6.9** अंकों के साथ **51** वें स्थान पर रखा गया है.

## दावोस में विश्व आर्थिक मंच की *50* वीं बैठक हुई शुरू

विश्व आर्थिक मंच की 50 वीं वार्षिक बैठक स्विट्जरलैंड के दावोस में आरंभ हुई। भारतीय की ओर से वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल WEF के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस वर्ष का सम्मेलन सामाजिक क्षेत्रों में सार्वजनिक निजी भागीदारी और सहयोग बढ़ाने पर केन्द्रित होगा।

- विश्व आर्थिक मंच की 50 वीं वार्षिक बैठक का विषय **"Stakeholders for a Cohesive and Sustainable World"** हैं।
  इस वर्ष का सम्मेलन छह प्रमुख क्षेत्रों पारिस्थितिकीय तंत्र, अर्थव्यवस्था, उद्योग, प्रौद्योगिकी, भू-राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों पर केन्द्रित होगा।
- **पारिस्थितिकीय तंत्र:** जलवायु परिवर्तन के जोखिमों से निपटने के लिए व्यवसाय को कैसे जुटाया जा सकता है और जैव विविधता को कैसे संरक्षित किया जा सकता हैं।
- **अर्थव्यवस्था:** लंबी अवधि के कर्ज बोझ को कम करके कैसे अर्थव्यवस्था को उचाई पर कैसे ले जाया जा सकता हैं।
- **प्रौद्योगिकी:** चौथी औद्योगिक क्रांति प्रौद्योगिकियों को लागू करने पर वैश्विक सहमति बनाने और प्रौद्योगिकी युद्ध से बचने के लिए।
- **सामाजिक क्षेत्र:** आने वाले दशक में एक अरब लोगों को कैसे कुशल और आगे बढ़ाया जा सकता है।
- **भू-राजनीतिक:** विश्व के मुद्दों को सुलझाने में दावोस सम्मेलन की बैठके कैसे सेतु का काम कर सकती है।

- **उद्योग**: चौथे औद्योगिक क्रांति में उद्यम चलाने के लिए जरुरी मॉडल की मदद कैसे ली जा सकती है। राजनीतिक तनावों से पैदा होने वाले संकट के लिए विश्व में उद्यम को कैसे नेविगेट करें और घातीय तकनीकी परिवर्तन के साथ-साथ सभी हितधारकों से अपेक्षाएं बढ़ाई जाएं।
- इन पहलों का लक्ष्य आने वाले दशक में एक ट्रिलियन से अधिक पेड़ लगाना और चौथे औद्योगिक क्रांति युग में एक अरब लोगों को जरुरी कौशल प्रदान करना है।
- स्वागत सम्बोधन के बाद कल वार्षिक क्रिस्टल अवार्ड प्रदान किए गए, जिसमे इस वर्ष फिल्म स्टार **दीपिका पादुकोण** को भी सम्मानित किया गया। उन्हें मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में उनके नेतृत्व के लिए पुरस्कार दिया गया है। ये पुरस्कार उन हस्तियों को दिए जाते हैं, जो समावेशी और सतत परिवर्तन के लिए अपने योगदान के माध्यम से दुनिया की स्थिति में सुधार लाने के लिए कार्य कर रहे हैं।

## आरबीआई ने सरकार और कॉर्पोरेट बॉन्ड में *FPI* की निवेश सीमा में की बढ़ोतरी

- **भारतीय रिजर्व बैंक** द्वारा सरकार और कॉरपोरेट बॉन्ड में **फोरन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स (FPI)** में **निवेश की सीमा बढ़ा** दी गई है। यह निर्णय मार्केट में ज्यादा विदेशी फंड लान के उद्देश्य से किया गया है। सरकार और कॉर्पोरेट बॉन्ड में फोरन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स (FPI) की निवेश सीमा **20% से बढ़ाकर 30%** कर दी गई है।
- फोरन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स में बढ़ोतरी के के अलावा आरबीआई ने ऋण में एफपीआई निवेश के लिए वोलंटरी रिटेंशन रूट (VRR) में छूट की भी घोषणा की है। आरबीआई के सर्कुलर के मुताबिक, VRR के जरिए निवेश कैप को **0.75 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1.5 लाख करोड़ रुपये** कर दिया गया है। इसके अलावा केंद्रीय बैंक ने भी एफपीआई को एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड में निवेश करने की अनुमति दी है जो केवल डेब्ट इंस्ट्रूमेंट में निवेश करते थे।

## खेलो इंडिया युवा खेल का हुआ समापन, महाराष्ट्र पदक तालिका में रहा सबसे ऊपर

- **खेलो इंडिया युवा खेल** का **तीसरा संस्करण गुवाहाटी** में सपन्न हुआ। **महाराष्ट्र** आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 78 स्वर्ण सहित 256 पदकों के साथ **शीर्ष** स्थान पर रहा, **हरियाणा** कुल 200 पदकों के साथ **दूसरे** स्थान पर रहा और **दिल्ली** ने 122 पदक के साथ **तीसरे** स्थान हासिल किया।
- असम की शिवांगी शर्मा ने तैराकी में पांच स्वर्ण और दो रजत जीते। वह खेलो इंडिया यूथ गेम्स की सबसे सफल महिला खिलाड़ी थीं।
- इन खेलों में **विजय द टाइगर और जया द ब्लैकबक** टूर्नामेंट के शुभंकर थे। धावक **हेमा दास** ने KIYG 2020 का उद्घाटन मशाल जलाकर की थी।
- **खेलो इंडिया युवा खेलों में शीर्ष 10 राज्य:**

| राज्य | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| **महाराष्ट्र** | 78 | 77 | 101 | 256 |
| **हरियाणा** | 68 | 60 | 72 | 200 |
| **दिल्ली** | 39 | 36 | 47 | 122 |
| **उत्तर प्रदेश** | 32 | 26 | 22 | 80 |
| **कर्नाटक** | 29 | 28 | 30 | 87 |
| **तमिलनाडु** | 22 | 32 | 22 | 76 |
| **असम** | 20 | 22 | 34 | 76 |
| **पश्चिम बंगाल** | 19 | 14 | 20 | 53 |
| **गुजरात** | 16 | 16 | 20 | 52 |
| **पंजाब** | 16 | 15 | 28 | 59 |

## गोवा में महिलाओं के लिए *3* कल्याणकारी योजनाएं शुरू

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री **स्मृति ईरानी** ने गोवा में महिलाओं के लिए 3 **कल्याणकारी योजनाएं** शुरू कीं। ये योजनाएं हैं **यशस्विनी स्कीम फॉर वूमेन एंटरप्रेन्योरशिप**, **स्वास्थ सहायक प्रोजेक्ट** और **ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग इनिशिएटिव हैंडहेल्ड डिवाइस** जिसमें कैंसर का पता लगाने की सुविधा है।

- महिला उद्यमिता योजना के लिए **यशस्विनी योजना** के तहत, राज्य सरकार दूसरे वर्ष से शुरू होने वाले पुनर्भुगतान के साथ स्वयं सहायता समूहों को **5 साल** के कार्यकाल के लिए **5 लाख रुपये** तक का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करती है और चार किश्तों में भुगतान किया जाने वाला ऋण है।
- **स्वास्थ्य सहायक योजना** के तहत, राज्य में प्राथमिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को एक निदान किट प्रदान की जाएगी, ताकि वे लोगों के घर जाकर बुनियादी नैदानिक परीक्षण (basic diagnostic tests) करने में मदद कर सकें, ताकि आम आदमी को एक किफायती और सुविधाजनक समाधान मिल सके। डायग्नोस्टिक किट को **पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया**

द्वारा विकसित किया गया है, जिसने **कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (CSR) फंड** का उपयोग करके किट बनाने और सप्लाई करने के लिए **प्रॉक्टर एंड गैंबल** के साथ साझेदारी की है। केंद्रीय मंत्री ने समारोह में एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को किट सौंपी। किट में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ब्लड हीमोग्लोबिन और हृदय गति के परीक्षण के लिए आवश्यक सभी उपकरण युक्त एक इंटरफेस यूनिट, एक टैबलेट और पेरिफेरल बैग शामिल हैं।

- **स्तन कैंसर स्क्रीनिंग पहल** के तहत राज्य के ग्रामीण हिस्सों में महिलाओं तक पहुंचने वाली आंगनवाड़ी और स्वास्थ्य सेवा कार्यकर्ता स्तन कैंसर के लिए महिलाओं की जांच करेंगे। इस तरह के एक उपकरण की मदद से, स्वास्थ्य सेवाओं की डिलीवरी अधिक सुलभ और सस्ती हो जाएगी, उन्होंने कहा और कहा कि 20,000 महिलाओं की स्तन कैंसर के लिए जांच की जाएगी।

## SAG अवाड्र्स 2020 का हुआ ऐलान : जाने विजेताओं की पूरी सूची

**हर साल दिए जाने वाले 26 वें स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड अवाड्र्स** के विजेताओं की घोषणा कर दी गई हैं। यह समारोह **अमेरिका** के **लॉस एंजिल्स** में श्राइन ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस पुरस्कार से टीवी और फिल्म कलाकारों को वर्ष के दौरान किए गए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाता है। स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड अवाड्र्स की शुरुआत वर्ष 1995 में हुई थी, जिसे SAG-AFTRA द्वारा प्रदान किया जाता है, जो वर्तमान में इस उद्योग के सबसे बेशकीमती सम्मानों में से एक बन गया है।

26 वें वार्षिक स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड अवाड्र्स के विजेताओं की पूरी सूची नीचे दी गई है:

| क्र. सं. | श्रेणी | पुरस्कार विजेता |
|---|---|---|
| 1 | टेलीविज़न मूवी या मिनीसरीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला अभिनेता | **सैम रॉकवेल,** (Fosse/Verdon) |
| 2 | टेलीविज़न मूवी या मिनीसरीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अभिनेत्री | **मिशेल विलियम्स** (Fosse/Verdon) |
| 3 | ड्रामा सीरिज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला अभिनेता | पीटर डिंकलेज (Game of Thrones) |
| 4 | ड्रामा सीरिज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अभिनेत्री | जेनिफर एनिस्टन (The Morning Show) |
| 5 | कॉमेडी सीरिज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला अभिनेता | टोनी शल्हौब (The Marvelous Mrs Maisel) |
| 6 | कॉमेडी सीरिज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अभिनेत्री | फोबे वालर-ब्रिज (Fleabag) |
| 7 | ड्रामा सीरिज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला ग्रुप | ताज |
| 8 | कॉमेडी सीरिज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला ग्रुप | मार्वलस मिसेज मैसेल |
| 9 | कॉमेडी या ड्रामा सीरीज़ में स्टंट एन्सेम्बल द्वारा किया गया उत्कृष्ट एक्शन | **गेम ऑफ़ थ्रोन्स** |
| 10 | लीडिंग रोल में अहम भूमिका निभाने वाला अभिनेता | **जोकिन फीनिक्स** (Joker) |
| 11 | लीडिंग रोल में अहम भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री | **रेनी ज़ेल्वेगर** (Judy) |
| 12 | सपोर्टिंग रोल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला अभिनेता | ब्रैड पिट (Once Upon a Time...in Hollywood) |
| 13 | सपोर्टिंग रोल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अभिनेत्री | लौरा डर्न (Marriage Story) |
| 14 | मोशन पिक्चर में कास्ट द्वारा किया गया उत्कृष्ट प्रदर्शन | **परजीवी** |
| 15 | मोशन पिक्चर में स्टंट एन्सेम्बल द्वारा किया गया उत्कृष्ट एक्शन प्रदर्शन | **एवेंजर्स: एंडगेम** |

## बैंकिंग और वित्तीय करेंट अफेयर्स

- भारतीय स्टेट बैंक जनवरी से वन टाइम पासवर्ड **(OTP)**-आधारित एटीएम कैश निकासी सुविधा की शुरुआत करेगा। एटीएम से अनधिकृत लेनदेन की घटनाओं को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। **SBI** सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे के बीच 10,000 रुपये और उससे अधिक की प्रत्येक नकद निकासी के लिए वन-टाइम पासवर्ड की सुविधा करेगा।
- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने मोबाइल ऐप "मोबाइल एडेड नोट आइडेंटिफ़ायर (MANI)" लॉन्च की है। मोबाइल एप्लिकेशन "MANI" दृष्टिहीन लोगो के लिए की गई ताकि वे इसके इस्तेमाल से मुद्रा नोट के मूल्य की पहचान कर सके.
- निजी क्षेत्र के दो भारतीय दिग्गज बैंक एक्सिस और आईसीआईसीआई बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका की अनुमति मिलने के बाद श्रीलंका में अपना कारोबार को बंद करने जा रहे है
- सेबी ने "अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक" पद के विभाजन के लिए अप्रैल **2022** तक की समय सीमा को स्थगित कर दिया**.**
- आईसीआईसीआई बैंक ने ATM के जरिए "कार्डलेस कैश विथड्रॉल" सुविधा की शुरूआत की है। "कार्डलेस कैश विथड्रॉल" सुविधा का इस्तेमाल नकद निकासी के लिए किया जा सकता है, जिसकी प्रति दिन लेनदेन की सीमा 20,000 रुपये रखी गई है।

- भारतीय रिजर्व बैंक ने वोडाफोन को दिए m-pesa अधिकार प्रमाण पत्र (Certificate of Authorisation) को रद्द कर दिया है। यह रद्दीकरण का फैसला वोडाफोन द्वारा स्वेच्छा से प्रमाणपत्र लौटाने के बाद किया गया है

## आर्थिक करेंट अफेयर्स

- केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड **(CBIC)** ने बताया है कि निर्यातकों को एकीकृत वस्तु और सेवाकर **(IGST)** के तहत **1,12,000** करोड़ रुपये के रिफंड का भुगतान किया गया है।
- वित्त मंत्री ने 1 जनवरी, 2020 से 50 करोड़ रुपये से अधिक वार्षिक राजस्व वाले व्यवसायों के लिए मर्चेंट डिस्काउंट रेट (MDR) शुल्क माफ किए जाने की घोषणा की है। साथ ही 1 जनवरी, 2020 से RuPay क्रेडिट कार्ड या UPI QR कोड के इस्तेमाल से किए गए किसी भी डिजिटल लेनदेन पर व्यापारियों या ग्राहकों से कोई भी अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।
- **गूगल** ने **भारत के नागरिकों** में **समाचार साक्षरता** (news literacy among Indians) बढ़ाने के लिए **एक मिलियन अमरीकी डॉलर** की अनुदान राशि देने की घोषणा की हैं। Google के अनुसार, इस अनुदान राशि से वरिष्ठ रिपोर्टर्स और पत्रकारों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार किया जाएगा, जो भारत में जाली समाचारों (fake news) को बंद करने की दिशा में कार्य करेगा। ये फंडिंग गूगल की व्यापक, मीडिया साक्षरता के **10 मिलियन डॉलर** की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।
- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) ने भारत की जीडीपी विकास दर को 2019-20 में 5% तक बढ़ाया.
- **भारतीय स्टेट बैंक** ने जीडीपी ग्रोथ को लेकर अपनी रिपोर्ट **'Ecowrap'** जारी की है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वर्ष 2020 में कृषि और इससे संबंधित क्षेत्रों में 2.8% वृद्धि का अनुमान है, जबकि उद्योग में 2.5% की वृद्धि का अनुमान है। इसके अलावा वित्त वर्ष 2020 में सेवा क्षेत्र के लिए 6.9% वृद्धि आंकी गई है।
- एसबीआई के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा जारी 'इकोव्रैप' रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2020 के लिए **भारत की विकास दर अनुमान** को **घटाकर 4.6% कर** दिया है।
- वैश्विक दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी **अमेज़ॅन** ने भारत में **एक बिलियन अमरीकी डालर** के **वृद्धिशील निवेश (इंक्रीमेंटल इन्वेस्टमेंट)** की घोषणा की है।
- **संयुक्त राष्ट्र** ने अपनी **विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं (WESP)** 2020 रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2019-20 के लिए भारत की **जीडीपी** विकास दर को घटाकर **5.7%** कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र ने वित्त वर्ष 2020-21 में भारत की विकास दर 6.6% और वित्त वर्ष 2021-22 में 6.3% रहने का अनुमान लगाया है। संयुक्त राष्ट्र ने वित्त वर्ष 2018-19 के लिए भारत की विकास दर 6.8% आंकी थी।
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने वर्ष 2019 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 4.8% आंका है| इस के अलावा आईएमएफ ने वर्ष 2020 में भारत की विकास दर 5.8% और वर्ष 2021 में 6.5% रहने का अनुमान लगाया है।

## व्यापार संबंधित करेंट अफेयर्स

- मास्टरकार्ड ने **RiskRecon** के अधिग्रहण समझौता पूरा होने की घोषणा की है। **RiskRecon** साइबर एनालिसिस और सिक्योरिटी पर केंद्रित डेटा एनालिटिक्स सॉल्यूशंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अग्रणी प्रदाताओं में से एक है और जो कंपनियों के सामने आने वाली साइबर जोखिमों को कम करने के लिए समाधान खोजती है।
- उबर टेक्नोलॉजीज इंक और ऑटोमेकर हुंडई मोटर ने मिलकर इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी विकसित करने के लिए साझेदारी की है। टीम 2023 तक उबर एयर और 2028 में शहरी हवाई गतिशीलता सेवा शुरू करने के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। हुंडई उबर की एयर टैक्सी परियोजना में शामिल होने वाली पहली कार निर्माता कंपनी है।
- भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े पोर्ट ऑपरेटर अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (APSEZ) ने 13,572 करोड़ रुपये के मूल्यांकन वाली कृष्णापटनम पोर्ट कंपनी लिमिटेड (KPCL) में 75% हिस्सेदारी अधिग्रहण करने की सहमति व्यक्त की है।
- **इंडियन ऑयल कार्पोरेशन )IOC)** ने **भारतीय नौसेना** के जहाजों के इस्तेमाल के लिए **नाटो ग्रेड** जैसा विशेष श्रेणी का डीजल तैयार किया है.
- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) ने ब्लॉकचेन-तकनीक पर आधारित एक नए भुगतान प्रणाली 'वज्र प्लेटफॉर्म' का शुभारंभ किया है। हाल ही में लॉन्च किया गया नया प्लेटफॉर्म डिस्ट्रीब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी (DLT) पर आधारित है, जिसे NPCI की - पेमेंट क्लीयरिंग और सेटलमेंट प्रोसेस, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) और रुपे कार्ड जैसी सुविधाओं को एकीकृत करने के लिए तैयार किया गया है.
- अडानी कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड ने एस्सेल फाइनेंस के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) के ऋण कारोबार का अधिग्रहण कर लिया है.
- अमेरिका की टेक दिग्गज कंपनी **माइक्रोसॉफ्ट** ने वर्ष 2030 तक **"कार्बन उत्सर्जन"** में **कटौती** करने की घोषणा की हैं।

## योजनाएं/समितियां

- **महाराष्ट्र सरकार** ने **71 वें गणतंत्र दिवस** के अवसर पर **'शिव भोजन'** योजना का शुभारंभ किया। इस योजना का उद्देश्य गरीबों को मात्र **10 रुपये** में भोजन उपलब्ध कराना है।
- **भारतीय स्टेट बैंक** ने **'मकान खरीदार गारंटी के साथ आवासीय बिल्डर ऋण (RBBG) योजना'** की घोषणा की है। इस योजना का उद्देश्य आवासीय बिक्री को बढ़ाना और मकान खरीदने वालों का विश्वास बनाए रखना है।
- **उत्तर प्रदेश सरकार** ने **मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना** लागू करने की घोषणा की है। इस योजना के तहत दूसरे के खेतों में काम करने वाले और फसल कटने के बाद फसल को साझा करने वाले बटाईदार को भी शामिल किया गया हैं। इस योजना में किसानों और उनके परिवार के **18-70 वर्ष** की आयु के सदस्यों को कवर किया जाएगा। मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना के अंतर्गत **50 लाख** रुपये के कोष से राज्य की प्रत्येक विधानसभा में एक पर्यटक स्थल विकसित किया जाएगा।

## राज्य संबंधित करेंट अफेयर्स

- पश्चिमी ओडिशा के बारगढ़ में ग्यारह दिन चलने वाले प्रसिद्ध 'धानु जात्रा' महोत्सव आरंभ हो गया हैं। धनु जात्रा को विश्व का सबसे बड़ा खुला थियेटर माना जाता है।
- उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (**UPSRTC)** ने महिला की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 'दामिनी' हेल्पलाइन सेवा का शुभारंभ किया है।
- त्रिपुरा में मणिपुरी मेती समुदायों द्वारा मनाया जाने वाला प्राचीन पर्व लाइ हराओबा अगरतला में आरंभ हुआ।
- गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने अहमदाबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल की विश्व की दूसरी सबसे ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। अहमदाबाद में वैष्णोदेवी सर्कल के पास सरदारधाम परिसर में 70 हजार किलोग्राम वजन वाली 50 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया गया है।
- महाराष्ट्र सरकार ने 'साइबर सेफ वुमन' पहल की शुरूआत की है जिसके अंतर्गत राज्य के सभी जिलों में साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे।
- भारत का पहला ई-कचरा क्लिनिक भोपाल, मध्य प्रदेश में खोला जा रहा है**.**
- **केरल** के मुख्यमंत्री **पिनाराई विजयन (Pinarayi Vijayan)** ने **कोच्चि** में देश की पहली **सुपर फैब लैब (Super Fab Lab)** का उद्घाटन किया**.**
- **ओडिशा सरकार** ने राज्य में पहले **वर्चुअल पुलिस स्टेशन (virtual police station)** का उद्घाटन किया है, जहाँ लोग अपने जिलों से संबंधित शिकायतों को पुलिस स्टेशन पर जाए बिना दर्ज करा सकते हैं।
- इसके अलावा राज्य सरकार ने सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों से सीधे संपर्क (human interface) को कम करने के लिए राजधानी के लोक सेवा भवन में **मेडिको-लीगल ओपिनियन सिस्टम** और **सड़क दुर्घटना मामले के दस्तावेज़ मॉड्यूल (medico-legal opinion system** and **road accident case document module )** का भी शुभारंभ किया।
- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री **उद्धव ठाकरे** ने **महा मेट्रो रेल नेटवर्क** के **नागपुर मेट्रो एक्वा लाइन** के 18.5 किलोमीटर लंबे रूट का उद्घाटन किया। नवनिर्मित नागपुर मेट्रो एक्वा लाइन शहर की अंबाझरी झील के ऊपर से होकर गुजरेगी, जो शहर के पूर्वी हिस्सों को पश्चिम इलाकों से जोड़ेगी।
- राष्ट्रपति **राम नाथ कोविंद फरीदाबाद, हरयाणा में पहली फरवरी** को **34 वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले** का उद्घाटन करेंगे। 34 वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला -2020 में **उज्बेकिस्तान** मेले का भागीदार देश है। इस बार **हिमाचल प्रदेश** को थीम राज्य के रूप में चुना गया है।
- कोलकाता पुलिस ने 'सुकन्या' परियोजना का तीसरा संस्करण शुरू किया है। परियोजना का उद्देश्य शहर के स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ने वाली लड़कियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करना है।
- महाराष्ट्र में हर साल 6 जनवरी को पत्रकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन दिवंगत थेस्पियन पत्रकार बालशास्त्री जम्भेकर की स्मृति में मनाया जाता है।
- मिशन इन्द्रधनुष 2.0 का दूसरा चरण उत्तर प्रदेश के 35 जिलों में ब्लॉक स्तर पर शुरू हो गया हैं।
- हिमाचल प्रदेश सरकार ने "Himachal MyGov" नाम से एक पोर्टल जारी किया है, पोर्टल का मकसद सरकारी काम-काज में लोगों की भागीदारी बढ़ाना है।
- हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य में "CM App" भी लॉन्च किया, जिसके जरिए राज्य के लोग शिकायतों के बारे में सीधे मुख्यमंत्री को लिख सकते हैं।
- गुजरात के अहमदाबाद में साबरमती रिवर फ्रंट पर 31 वें अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव का शुभारंभ किया गया।
- पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में स्थित बक्सा नेशनल पार्क में 'बक्सा बर्ड फेस्टिवल' का 4 वां संस्करण आरंभ हुआ।
- विक्रम साराभाई चिल्ड्रन इनोवेशन सेंटर (VSCIC) की स्थापना गुजरात में की जाएगी। विक्रम साराभाई चिल्ड्रन इनोवेशन सेंटर (VSCIC) राज्य में बच्चों की नवीन क्षमताओं की पहचान, पालन-पोषण और नवाचारों को प्रोत्साहित करेगा।
- चिल्ड्रन इनोवेशन फेस्टिवल (CIF) का आयोजन गुजरात विश्वविद्यालय स्टार्ट-अप और उद्यमिता परिषद (GUSEC) द्वारा किया जा रहा है। GUSEC यूनिसेफ के सहयोग से गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा बनाया गया एक ऊष्मायन केंद्र है।
- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे औरंगाबाद में "एडवांटेज महाराष्ट्र एक्सपो 2020" का उद्घाटन करेंगे।इस प्रदर्शनी का आयोजन मराठवाड़ा एसोसिएशन ऑफ स्माल स्केल इंडस्ट्रीज एंड एग्रीकल्चर (MASSIA) द्वारा किया जा रहा है।
- तमिलनाडु के सुचिन्द्रम थानुमलयन मंदिर का लोकप्रिय रथ उत्सव आरंभ हो गया हैं। सत्रहवीं शताब्दी में बना ये मंदिर अपनी स्थापत्य भव्यता के लिए प्रसिद्ध है

- **केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह** ने गुजरात के गांधीनगर में भारत की पहली साइबर अपराध निरोधक इकाई **"AASHVAST"** का शुभारंभ किया। AASHVAST के साथ, उन्होंने 2 अन्य परियोजनाएं भी शुरू की: **VISWAS** और **Netrang।**
- गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपानी ने राज्य में 7 वीं आर्थिक जनगणना प्रक्रिया शुरू की है.
- **अरुणाचल प्रदेश ने ऑर्किड की रेडलिस्टिंग- के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ )IUCN)** के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये**.**
- सरकार द्वारा कृषि भूमि को पट्टे पर देने की नीति तैयार करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है.
- महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र के सभी प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में प्रार्थना के बाद संविधान की प्रस्तावना को पढ़ना अनिवार्य कर दिया है.
- इस योजना के तहत दूसरे के खेतों में काम करने वाले और फसल कटने के बाद फसल को साझा करने वाले बटाईदार को भी शामिल किया गया हैं। इस योजना में किसानों और उनके परिवार के 18-70 वर्ष की आयु के सदस्यों को कवर किया जाएगा.
- इसके अलावा यूपी सरकार ने राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना को लागू करने का निर्णय लिया है.
- मेघालय में 21 जनवरी को राज्य दिवस की 48 वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है.
- मिज़ोरम सरकार 6 मार्च, 2020 को मिज़ो लोगो का सबसे बड़ा और सबसे अहम माने जाने वाला चापचार कुट त्यौहार मनाएगी.

## नियुक्तियां /इस्तीफे (राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय)

- कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने वी के यादव के रेलवे बोर्ड के चेयरमैन के रूप में पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। नियुक्ति एक वर्ष की अवधि के लिए की गई है।
- आंध्र प्रदेश सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) की अधिकारी डॉ. कृतिका शुक्ला और भारतीय पुलिस सेवा (IPS) की अधिकारी एम. दीपिका को आंध्र प्रदेश दिशा अधिनियम 2019 लागू करने के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त किया हैं।
- कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने IPS कार्यकाल नीति में छूट के अंतर्गत 27 जून, 2021 तक सीमा सुरक्षा बल (BSF) के महानिरीक्षक IPS अभिनव कुमार के प्रतिनियुक्ति कार्यकाल को बढ़ाने के लिए गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।
- **सुनील मेहता** ने **भारतीय बैंक संघ** (**Indian Banks' Association-IBA**) के **मुख्य कार्यकारी अधिकारी** (**CEO**) का पदभार संभाल लिया हैं। उन्हें **वीजी कन्नन** के स्थान पर नियुक्त किया गया हैं.
- **तरनजीत सिंह संधू** को **अमेरिका में भारत का नया राजदूत** नियुक्त किया गया हैं।
- **स्लोवेनिया** (Slovenia) के प्रधान मंत्री **मार्जन सरेक** (**Marjan Sarec**) ने अपने इस्तीफे की घोषणा कर दी हैं और राजनीतिक गतिरोध के चलते देश में दोबारा चुनाव कराने का आह्वान किया हैं।
- **भारतीय रिजर्व बैंक** (Reserve Bank of India) ने अपने कार्यकारी निदेशक **जनक राज** को **मौद्रिक नीति समिति** (Monetary Policy Committee) का सदस्य नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति **एम डी पात्रा** के स्थान पर गई हैं**.**
- दिल्ली में एम्स के कान, नाक गला एवं हेड-नेक सर्जरी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर सुरेश चंद्र शर्मा को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का पहला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (MCI) के संचालन मंडल के महासचिव राकेश कुमार वत्स को इसी अवधि के लिए आयोग के सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।
- शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने हरजीत कौर जोशी को अपना का नया अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है।
- केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के पूर्व महानिदेशक राजीव राय भटनागर को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल का सलाहकार नियुक्त किया गया है।
- ए शक्तिवेल को वर्ष 2020-21 के लिए भारतीय परिधान निर्यात संवर्द्धन परिषद (AEPC) का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है।
- भारतीय स्टेट बैंक ने 'मकान खरीदार गारंटी के साथ आवासीय बिल्डर ऋण (RBBG) योजना' की घोषणा की है। इस योजना का उद्देश्य आवासीय बिक्री को बढ़ाना और मकान खरीदने वालों का विश्वास बनाए रखना है।
- एम नागराज को सार्वजनिक क्षेत्र कंपनी आवास और शहरी विकास निगम (हुडको) का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।


- दिल्ली में एम्स के कान, नाक गला एवं हेड-नेक सर्जरी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर सुरेश चंद्र शर्मा को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का पहला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (MCI) के संचालन मंडल के महासचिव राकेश कुमार वत्स को इसी अवधि के लिए आयोग के सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।
- शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने हरजीत कौर जोशी को अपना का नया अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है।
- केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के पूर्व महानिदेशक राजीव राय भटनागर को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल का सलाहकार नियुक्त किया गया है।
- ए शक्तिवेल को वर्ष 2020-21 के लिए भारतीय परिधान निर्यात संवर्द्धन परिषद (AEPC) का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है।
- भारतीय स्टेट बैंक ने 'मकान खरीदार गारंटी के साथ आवासीय बिल्डर ऋण (RBBG) योजना' की घोषणा की है। इस योजना का उद्देश्य आवासीय बिक्री को बढ़ाना और मकान खरीदने वालों का विश्वास बनाए रखना है।
- एम नागराज को सार्वजनिक क्षेत्र कंपनी आवास और शहरी विकास निगम (हुडको) का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।

- सरकार ने नृपेंद्र मिश्रा को नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी (NMML) की कार्यकारी परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया है.
- हाल ही में, दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार और विश्व तीरंदाजी के तहत आयोजित चुनाव में अर्जुन मुंडा को भारतीय तीरंदाजी संघ (AAI) का अध्यक्ष चुना गया था.
- प्रसार भारती बोर्ड के चेयरपर्सन डॉ. ए सूर्य प्रकाश नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी (NMML) के वाईस चेयरपर्सन होंगे.
- लिंगम वेंकट प्रभाकर ने केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में नियुक्त किया गया.
- संजीव चड्ढा को बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में नियुक्त किया है.
- अतनु कुमार दास ने बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में नियुक्त किया गया.
- मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने चल्ला श्रीनिवासुलु सेटी को भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया है**.**
- भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC), सुनील अरोड़ा ने वर्ष 2020 के लिए दक्षिण एशिया के चुनाव प्रबंधन निकायों के फोरम (FEMBoSA) के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला है. उन्होंने बांग्लादेश के वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त KM नुरुल हुडा का स्थान लिया है.
- भारतीय दूरसंचार विभाग ने भारती एयरटेल लिमिटेड को विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) को सौ फीसदी तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है।
- गुरुग्राम स्थित फूड डिलीवरी स्टार्टअप और रेस्तरां एग्रीगेटर "Zomato" ने भारत में Uber Eats के व्यापार के अधिग्रहण की घोषणा की है।

## खेल समाचार

- भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इस दशक की सर्वश्रेष्ट विजडन T20 इंटरनेशनल टीम में शामिल किया गया हैं।
- भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरु हम्पी ने रूस के मास्को में चल रही वर्ल्ड विमेंस रैपिड चेस चैंपियनशिप अपने नाम कर ली हैं। उन्होंने चीन की लेई टिंगजी को टाईब्रेकर में हराकर यह खिताब जीता। 12वें दौर के बाद हम्पी और टिंगजी के नौ-नौ अंक थे, इसलिए आर्मेगेडोन गेम से विजेता का फैसला हुआ।
- असम के मुख्यमंत्री ने गुवाहाटी में खेलो इंडिया युवा खेलों की मशाल रैली का शुभारंभ किया। इस टूर्नामेंट का तीसरा संस्करण जनवरी **2020** में आयोजित किया जाएगा।
- भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) ने बर्मिंघम में आयोजित होने वाले 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों के बहिष्कार का निर्णय वापस ले लिया है। यह निर्णय नई दिल्ली में आयोजित ओलंपिक संघ की वार्षिक बैठक के दौरान लिया गया।
- खेलो इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने घोषणा की है कि "खेलो इंडिया खेलो" के तीसरे संस्करण में "लॉन बाउल्स" और "साइक्लिंग" प्रतियोगिता को भी शामिल किया जाएगा।
- लेह-लद्दाख में आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (IHAI) की 5 वीं राष्ट्रीय आइस हॉकी चैम्पियनशिप -2020 शुरू हो गई है।
- भारतीय साइकिलिस्ट **एसो एल्बेन** ने छह दिन तक चलने वाले **बर्लिन टूर्नामेंट** की **कीरिन व्यक्तिगत स्पर्धा** में **स्वर्ण पदक** जीता। 2017 की विश्व चैम्पियनशिप में रजत जीतने वाले चेक गणराज्य के टॉमस बाबेक दूसरे स्थान पर रहे जबकि जर्मनी के मैक्सिमिलियन लेव को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।
- भारतीय महिला टीम की कप्तान **रानी रामपाल** प्रतिष्ठित **'वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर'** पुरस्कार 2019 जीतने वाली **विश्व की पहली हॉकी खिलाड़ी** बन गईं।
- **इरफ़ान पठान** ने क्रिकेट के सभी रूपों से संन्यास की घोषणा की।
- भारतीय निशानेबाज सौरभ चौधरी ने भोपाल, मध्य प्रदेश में 63वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्वर्ण पदक जीता है।
- कृष्णामाचारी श्रीकांत और अंजुम चोपड़ा को सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। श्रीकांत और अंजुम को भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- पहले खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 22 फरवरी से एक मार्च, 2020 तक ओडिशा में भुवनेश्वर के KIIT संस्थान में आयोजित किए जाएंगे।
- न्यूजीलैंड के बल्लेबाज लियो कार्टर क्रिकेट इतिहास में एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले सातवें बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने कैंटरबरी के लिए खेलते हुए पारी के 16 वें ओवर में नाइट के गेंदबाज एंटोन डेविच को छह छक्के लगाए।
- भारत के पी मगेश चंद्रन ने इंग्लैंड के हेस्टिंग्स में 95 वें प्रतिष्ठित हेस्टिंग्स इंटरनेशनल चेस कांग्रेस का खिताब जीत लिया है।
- इटली के स्टार फुटबॉलर डेनियल डि रॉसी ने संन्यास की घोषणा कर दी हैं। वे 2006 में फ्रांस को हराकर विश्व कप जीतने इटली टीम की हिस्सा थे।
- भारतीय महिला वेटलिफ्टर सरबजीत कौर को राष्ट्रीय डोपिंग रोघी एजेंसी (नाडा) ने चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।

- लद्दाख की महिला टीम ने सातवी राष्ट्रीय आइस हॉकी चैम्पियनशिप जीत ली है। लद्दाख ने फाइनल मैच में दिल्ली के खिलाफ 2 गोल करके टूर्नामेंट अपने नाम किया।
- भारतीय तेज गेंदबाज **जसप्रीत बुमराह** को 2018-19 सत्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बीसीसीआई के प्रतिष्ठित पॉली उमरीगर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- दुनिया के नंबर एक बैडमिंटन खिलाड़ी जापान के **केंतो मोमोता** ने **मलेशिया मास्टर्स 2020** का खिताब जीत लिया हैं।
- थाईलैंड की **रत्चानोक इंतानोन** ने इंडोनेशिया के जकार्ता में इंडोनेशिया बैडमिंटन मास्टर्स 2020 महिला एकल खिताब जीता.
- भारतीय पहलवान विनेश फोगट ने 53 किलोग्राम भारवर्ग में इक्वाडोर की लुइसा एलिजाबेथ मेलेंड्रेस को हराकर रोम में रोम रैंकिंग श्रृंखला में स्वर्ण पदक जीता.
- अंशु मलिक ने 57 किलोग्राम प्रतियोगिता में रोम रैंकिंग सीरीज़ में रजत पदक जीता.
- भारतीय वाणिज्य दूतावास की टीम ने शारजाह में आयोजित 2020 का डिप्लोमैट कप क्रिकेट चैंपियनशिप जीतने के लिए पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास को हराया.
- पैरालिंपियन दीपा मलिक, पहलवान योगेश्वर दत्त, निशानेबाज अंजलि भागवत, फुटबॉलर रेंडी सिंह, पर्वतारोही बछेंद्री पाल और क्रिकेटर हरभजन सिंह को सरकार की अखिल भारतीय खेल परिषद (AICS) में शामिल किया गया है.
- भारतीय निशानेबाज अपूर्वी चंदेला ने ऑस्ट्रिया में आयोजित मेयटन कप के महिला वर्ग में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता.
- **दिव्यांश सिंह पंवार ने ऑस्ट्रिया में आयोजित मेयटन कप के मेंस वर्ग में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता.**
- विश्व तीरंदाजी ने सशर्त रूप से भारत पर निलंबन हटा दिया है और इसलिए भारतीय तीरंदाजों को आगामी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम बनाया है.
- द रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने भारतीय रोवर दत्तू भोकानल पर प्रतिबंध हटा दिया है, जो 2018 एशियाई खेलों के दौरान एकल स्कल्स दौड़ बीच में छोड़ने के आरोपों के कारण निलंबित कर दिया गया था.
- केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने गोवा के पणजी में 'फिट इंडिया साइक्लोथॉन' को हरी झंडी दिखाई। 'फिट इंडिया साइक्लोथॉन' का उद्घाटन कार्यक्रम खेल और युवा मामलों के निदेशालय और गोवा सरकार द्वारा आयोजित किया गया.

## महत्वपूर्ण दिन एवं तिथियाँ

- प्रत्येक वर्ष 4 जनवरी को विश्व ब्रेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व ब्रेल दिवस 2019 के बाद से दृष्टि बाधित और दृष्टि-विहीन लोगों के लिए मानवाधिकार हासिल करने में संचार के साधन के रूप में ब्रेल के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।
- **प्रवासी भारतीय दिवस** हर साल **9 जनवरी** को मनाया जाता है। इस वर्ष देश भर में **16 वां** प्रवासी भारतीय दिवस का मनाया जा रहा है। साथ ही 9 जनवरी 1915 को महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से स्वदेश लौटे थे, इसीलिए प्रवासी भारतीय दिवस नौ जनवरी को मनाया जाता है।
- विश्व हिंदी दिवस हर साल **10** जनवरी को विश्व स्तर पर मनाया जाता है।
- **राष्ट्रीय युवा दिवस** प्रत्येक वर्ष **12 जनवरी** को मनाया जाता है। यह वह दिन है जब भारत के महानतम समाज सुधारकों, विचारकों और दार्शनिकों में से एक **स्वामी विवेकानंद का जन्म** हुआ था।
- **सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस** प्रत्येक वर्ष **14 जनवरी** को मनाया जाता है। इस दिन की शुरुआत 2017 मे की गई थी है।
- भारत में हर साल **15 जनवरी** को **सेना दिवस** मनाया जाता है। इस वर्ष देशभर में **72 वां सेना दिवस** मनाया जा रहा है।
- **भारतीय मौसम विज्ञान विभाग )IMD)** 15 जनवरी को अपना 145 वां स्थापना दिवस मना रहा है. यह 1875 में स्थापित किया गया था.
- **National Voters' Day :** भारत में हर साल **25** जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है.
- **24** जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा दिवस **'Learning for people, planet, prosperity and peace'** के विषय के साथ मनाया गया.
- भारत हर साल **24** जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाता है.
- **भारत मौसम विज्ञान विभाग** (IMD) **ने** 15 **जनवरी को अपना** 145 **वां स्थापना दिवस मनाया.**
- भारत हर साल **24** जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाता है.
- भारत में प्रत्येक वर्ष महात्मा गांधी की पुण्यतिथि **30 जनवरी** को **विश्व कुष्ठ दिवस** (World Leprosy Day) मनाया जाता है, जिनकी हत्या आज के ही दिन 1948 में कर की गई थी।

## सम्मेलन और शिखर सम्मेलन

- बैंगलूरू में चल रही भारतीय विज्ञान कांग्रेस में महिला विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर DRDO के एरोनॉटिकल सिस्टम की महानिदेशक और मिसाइल वुमन ऑफ इंडिया के नाम प्रख्यात डॉ. टेसी थॉमस को मुख्य अतिथि थी।
- केरल के कोच्चि में ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट: ASCEND 2020 का आयोजन किया जाएगा। ये बैठक उद्योग विभाग द्वारा आयोजित की जाएगी। इन्वेस्ट केरला पोर्टल: "invest.kerala.gov.in" को भी इस बैठक में प्रदर्शित किया जाएगा।
- कोच्चि 7 से 10 जनवरी तक समुद्री पारिस्थितिक तंत्र की चुनौतियां और अवसरों (MECOS-3) के विषय पर चलने वाली तीसरी अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की मेजबानी करेगा।
- रक्षा मंत्री ने नई दिल्ली के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन का आयोजन अखिल भारतीय व्यापारी संघ द्वारा किया गया।

- महाराष्ट्र के पुणे में एशिया पैसिफिक ड्रोसोफिला रिसर्च कॉन्फ्रेंस (APDRC5) का 5 वां संस्करण आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन पहली बार भारत में आयोजित किया जा रहा है। इसका आयोजन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (IISER) द्वारा किया जाता है।
- साउथ एशियन ट्रेड एंड ट्रेवल एक्सचेंज एक्सपो (SATTE) 2020 का 27 वां संस्करण नई दिल्ली में आयोजित किया गया। SATTE एक्सपो भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा समर्थित और जम्मू और कश्मीर पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित है।
- उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 23 वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव (NYF) 2020 का आरंम्भ हो गया है, यह 12-16 जनवरी तक मनाया जाएगा।
- देश के दालों के व्यापार और उद्योग के लिए नोडल निकाय इंडिया पल्सेस एंड ग्रेन एसोसिएशन (IPGA) ने घोषणा की है कि "द पल्स कॉनक्लेव 2020" का 5वां संस्करण, 12-14 फरवरी को लोनावाला, महाराष्ट्र में होगा।
- प्रतिष्ठित रायसीना डायलॉग का 5 वां संस्करण नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में द्वीप विकास एजेंसी (IDA) की छठी बैठक की अध्यक्षता की।
- भारत और बांग्लादेश के सूचना और प्रसारण मंत्रियों की बैठक 2020 नई दिल्ली में आयोजित की गई। भारत के सूचना और प्रसारण मंत्री, प्रकाश जावड़ेकर और बांग्लादेशी सूचना मंत्री मुहम्मद एच महमूद ने बैठक में अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व किया।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला उत्तर प्रदेश के लखनऊ में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन) के भारत क्षेत्र के सातवें सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।
- भारत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट मीटिंग 2020 की मेजबानी करेगा.
- सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाइयों का तीसरा नार्थ जोन सम्मेलन जम्मू में आयोजित किया जा रहा है। .
- नई दिल्ली में जनगणना- 2021 और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर- NPR के बारे में विभिन्न राज्यों के मुख्य सचिवों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों के प्रशासकों को अपडेट करने के लिए सम्मेलन आयोजित किया गया।
- नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन "व्ययूसलाइज़िंग द फ्यूचर: न्यू स्काईलाइन्स" (भविष्य की परिकल्पना करना: नये क्षितिज) में महिलाएं आयोजित किया गया।
- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आज नई दिल्ली में NIC टेक कॉन्क्लेव -2020 के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया.
- तीसरा ग्लोबल पोटैटो कॉन्क्लेव - 2020 गुजरात के गांधीनगर में शुरू हुआ. इस मेगा कार्यक्रम में तीन प्रमुख सम्मलेन आयोजित किए जाएंगे, जिसमें आलू सम्मेलन, कृषि प्रदर्शिनी (Agri Expo) और आलू के बारे में खेतों का दौरा शामिल हैं।
- द वर्ल्ड सस्टेनेबल समिट 2020 नई दिल्ली में द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (TERI) द्वारा आयोजित किया जाने वाला वार्षिक कार्यक्रम है। इस वर्ष की थीम : 'टुवड्र्स 2030: मेकिंग द काउंट काउंट' हैं।
- भारत और बांग्लादेश के सीमा सुरक्षा बलों के बीच 49 वां सीमा समन्वय सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया गया.

## राष्ट्रीय समाचार

- केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने नई दिल्ली में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) ज्ञान केन्द्र (नॉलेज हब) का उद्घाटन किया।
- आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (CCEA) ने चार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (CPSEs) और नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड (NINL) के अंतर्गत आने वाले दो ओडिशा के सार्वजनिक उपक्रमों (PSUs) कंपनियों के विनिवेश (हिस्सा पूंजी बेचने की) के लिए 'सैद्धांतिक' मंजूरी दे दी है। NINL एक संयुक्त उपक्रम है जिसमें 4 CPSEs और 2 PSUs की बराबर हिस्सेदारी है। 4 CPSEs में मिनरल्स एण्ड मेटल्स ट्रेडिंग कॉरपोरेशन (MMTC), मेकॉन, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स (BHEL) और नेशनल मिनरल डेवलप्मेंट कॉरपोरेशन (NMDC) शामिल हैं।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जामनगर के गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक संस्थान समूह को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा देने की मंजूरी दी। जामनगर आयुर्वेद विश्वविद्यालय (INI) दर्जे के साथ IIT और AIIMS के समूह में शामिल होने वाला पहला आयुर्वेद संस्थान बन जाएगा।
- केंद्र सरकार ने 1656 किलोमीटर लंबी इन्द्रधनुष प्राकृतिक गैस पाइपलाइन ग्रिड परियोजना के लिए 5559 करोड़ रुपये की अनुदान राशि को मंजूरी दी है। इस राशि का इस्तेमाल आठ पूर्वोत्तर राज्यों को जोड़ने वाली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन ग्रिड के निर्माण के लिए किया जाएगा। इन आठ पूर्वोत्तर राज्यों में: असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम शामिल हैं।
- भारतीय रेलवे द्वारा सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में प्रमुख स्टेशनों पर इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) आधारित वीडियो सर्विलेंस प्रणाली (VSS) स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।
- अप्रैल 2020 से शुरू होने वाली जनगणना-2021 पहली अप्रैल से शुरू होकर 30 सितंबर 2020 तक पूरी की जाएगी। 2021 की जनगणना एक मोबाइल फोन एप्लिकेशन के माध्यम से की जाएगी।
- पेट्रोलियम रोड टैंकरों के लिए उद्योग और आंतरिक व्यापार (DPIIT) के संवर्धन विभाग द्वारा "पेपरलेस लाइसेंसिंग प्रोसेस " शुरू किया गया है। DPIIT ने पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (PESO) के माध्यम से प्रक्रिया शुरू की है। यह प्रक्रिया पेट्रोलियम नियम, 2002 के तहत शुरू की गई है।
- केंद्रीय गृह मंत्री ने नई दिल्ली में स्थित नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल और इन्डियन साइबर क्राइम को-ओर्डिनेशन सेंटर (I4C) का उद्घाटन किया है। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल एक नागरिक केंद्रित विजन है जो लोगों को साइबर अपराधों की ऑनलाइन रिपोर्ट करने में सक्षम बनाता है।

इन्डियन साइबर क्राइम को-ओर्डिनेशन सेंटर (I4C) समन्वित तरीके से सभी प्रकार के साइबर अपराधों का प्रबंधन करेगा

- भारत ने क्यूबा को दिए जाने वाले 75 मिलियन अमरीकी डालर (500 करोड़ रुपये से अधिक) की लाइन ऑफ़ क्रेडिट (LOC) को बड़ा दिया है।
- कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट के 150 वें वर्ष के उपलक्ष्य में कोलकाता बंदरगाह का नाम बदलकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह कर दिया गया है।
- केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान "सक्षम अभियान" का उद्घाटन करेंगे। "सक्षम" पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (PCRA) का वार्षिक ईंधन संरक्षण अभियान है। इस अभियान का उद्देश्य पूरे भारत में ईंधन संरक्षण, हरित पर्यावरण और बेहतर स्वास्थ्य के संदेश को देश के कोने-कोने में पहुंचाना हैं।
- केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने गोवा में महिलाओं के लिए 3 कल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं। ये योजनाएं हैं यशस्विनी स्कीम फॉर वूमेन एंटरप्रेन्योरशिप, स्वास्थ सहायक प्रोजेक्ट और ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग इनिशिएटिव हैंडहेल्ड डिवाइस जिसमें कैंसर का पता लगाने की सुविधा है।
- केंद्रीय इस्पात मंत्री ने कोलकाता, पश्चिम बंगाल में इंटीग्रेटेड स्टील हब के माध्यम से पूर्वी भारत के विकास के लिए मिशन PURVODAYA का शुभारंभ किया।
- आयकर विभाग ने दिल्ली में चुनाव के दौरान काले धन और नकदी के अवैध इस्तेमाल पर नजर रखने नियंत्रण के लिए 24x7 नियंत्रण कक्ष स्थापित किए है।
- भारत का स्टैच्यू ऑफ यूनिटी दुनिया के 8 अजूबों की सूची में शामिल हो गया है। शंघाई कॉरपोरेशन ऑर्गनाइजेशन (SCO) ने स्टैचू ऑफ यूनिटी को अपने आठ अजूबों की लिस्ट में शामिल कर लिया है।
- उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू आंध्र प्रदेश के नेल्लोर में 21 जनवरी को परंपरागत तेलुगू अध्ययन उत्कृष्टता केन्द्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्टडीज इन क्लासिकल तेलुगू) का उद्घाटन करेंगे।
- भारतीय सेना की सिग्नल कोर की अधिकारी कैप्टन तानिया शेरगिल, गणतंत्र दिवस परेड में परेड एडजुटेंट की भूमिका निभाने वाली पहली महिला सेना अधिकारी होंगी।
- अरुणाचल प्रदेश में प्रसिद्ध परशुराम कुंड मेला आरंभ हो गया हैं। परशुराम कुंड एक हिंदू तीर्थस्थल है जो लोहित नदी के निचले इलाकों में ब्रह्मपुत्र के पठार पर स्थित है।
- अस्सी वर्ष से अधिक आयु और दिव्यांगजन मतदाता अगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में डाक मतपत्रों (पोस्टल बैलट) के जरिए मतदान कर सकेंगे।
- केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में "डिजिटल स्पेस में भारतीय विरासत" शीर्षक से एक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया
- केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में ELECRAMA 2020 का उद्घाटन किया.
- पुद्दूचेरी में 12 वां राष्ट्रीय आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया हैं। पुद्दूचेरी की उपराज्यपाल डॉ किरण बेदी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया.
- भारत-नेपाल सीमा पर बिराटनगर में एकीकृत चेक-पोस्ट (ICP) का उद्घाटन किया गया है। 260 एकड़ भूमि पर 140 करोड़ रुपये की लागत से तैयार ICP का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी.शर्मा ओली द्वारा किया गया.
- ब्राजील के राष्ट्रपति ज़ायर मेसियास बोल्सोनारो 26 जनवरी को नई दिल्ली के राजपथ पर आयोजित होने वाली 71 वीं गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि होंगे.
- केंद्र सरकार ने नवाचार और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण हेतु सरकार को जरुरी सुझाव देने के लिए "राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद" का गठन किया है.
- भारत द्वारा स्थापित पहले महात्मा गांधी सम्मेलन केंद्र का उद्घाटन नाईजर किया गया.
- भारतीय निर्वाचन आयोग (Election Commission of India) को पपुआ न्यू गिनी निर्वाचन आयोग और ट्यूनीशिया के चुनाव के लिए स्वतंत्र उच्च प्राधिकरण के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई है. MoU का उद्देश्य चुनावी प्रबंधन और प्रशासन के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाना है.
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आपराधिक मामलों में आपसी कानूनी सहायता, अर्ली चाइल्डहुड में देखभाल, तेल और प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में सहयोग और भारत और ब्राजील के बीच भूविज्ञान और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में समझौतों को भी मंजूरी दी है.
- भारत के जोश और उत्साह को मनाने का त्योहार "भारत पर्व 2020" नई दिल्ली के लाल किला मैदान में शुरू हो गया है. भारत पर्व का उद्देश्य लोगों को देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए प्रोत्साहित करना और 'देखो अपना देश 'की भावना को जगाना है. यह 26 से 31 जनवरी तक मनाया जाएगा.
- प्रधानमंत्री कार्यलय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बेंगलुरु में इसरो के मुख्यालय अंतरिक्ष में भुवन पंचायत V3 वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। यह वेब पोर्टल ग्राम एप्लीकेशन के नेटवर्क को बढ़ाएगा। यह पोर्टल इसरो द्वारा विकसित उपग्रह तकनीक की सहायता से कार्य करेगा।
- भारतीय रेलवे ने ईस्ट कोस्ट रेलवे जोन में भुवनेश्वर के मानचेस्वर कैरिज रिपेयर वर्कशॉप में कचरे से ऊर्जा उत्पादन करने वाले देश के पहले सरकारी संयंत्र की स्थापना की है।
- तेलंगाना के हैदराबाद में स्थित Kanha Shanti Vanam में दुनिया के सबसे बड़े मेडिटेशन सेंटर का उद्घाटन किया गया।
- नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने बायोमेट्रिक आधारित दो परियोजनाओं सेंट्रलाइज्ड एक्सेस कंट्रोल सिस्टम (CACS) और 'e-BCAS प्रोजेक्ट ट्रेनिंग मॉड्यूल' का शुभारंभ

किया। इस परियोजनाओं का उद्देश्य हवाई अड्डों पर सुरक्षा और व्यापार की प्रक्रिया को सरल बनाना है।

- नीति आयोग ने सतत विकास लक्ष्य (SDG) इंडिया इंडेक्स का दूसरा संस्करण लॉन्च किया । SDG इंडिया इंडेक्स के अनुसार, भारत का संयोजित स्कोर वर्ष 2018 के 57 से बेहतर होकर वर्ष 2019 में 60 के स्तर पर पहुंच गया है।
- बेंगलुरु में इस वर्ष भारतीय विज्ञान कांग्रेस का 107 वां संस्करण आयोजित किया जाएगा। यह नौवां मौका होगा जब बेंगलुरु में इस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (UAS), बेंगलुरु इस आयोजन की मेजबानी करेगा।
- निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दल पंजीकरण सूचना प्रबंधन प्रणाली (PPRTMS) शुरू की है। प्रणाली आवेदकों के लिए दल के पंजीकरण आवेदनों की स्थिति की जानकारी को आसान बनाती है।
- इसरो प्रमुख ने घोषणा की कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) तमिलनाडु के तुतुकुडी जिले में एक नया उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र स्थापित करेगा। इसका इस्तेमाल विशेष रूप से छोटे उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए किया जायेगा।
- केरल नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने वाला देश का पहला राज्य बन गया।
- रेलवे ने अपने सुरक्षा बल RPF (रेलवे सुरक्षा बल) का नाम बदलकर भारतीय रेलवे सुरक्षा बल सेवा कर दिया है।

## अन्तराष्ट्रीय समाचार

- यूएई कैबिनेट ने पांच साल वैधता वाले मल्टी-एंट्री टूरिस्ट वीज़ा को मंजूरी दे दी हैं। मल्टी-एंट्री टूरिस्ट वीज़ा सुविधा यूएई आने वाले सभी देशो के लोगों के लिए उपलब्ध होगी।
- ईरान की संसद ने संसद का सत्र बुलाकर एक प्रस्ताव पारित किया हैं जिसमे अमेरिकी सेना और उनके रक्षा मंत्रालय पेंटागन को आतंकवादी संस्थाएं घोषित किया गया है। साथ ही ईरान सरकार से इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (IRGC) को 200 मिलियन यूरो आवंटन करने लिए भी कहा हैं।
- पूर्व प्रधान मंत्री एवं सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (SDP) के नेता ज़ोरान मिलनोविच ने क्रोएशिया का राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया हैं।
- ईरान के तेहरान में 176 यात्रियों को ले जा रहा यूक्रेनी का "बोइंग 737" विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ईरान के तेहरान में स्थित इमाम खुमैनी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।
- संयुक्त राष्ट्र ने पाकिस्तानी शिक्षा कार्यकर्ता और नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई को "दशक की सबसे लोकप्रिय किशोरी" (“Most Famous Teenager of The Decade”) घोषित किया है।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2020 राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। अधिनियम पर हस्ताक्षर के साथ ही अमेरिका यूएस स्पेस फोर्स की स्थापना करने के लिए अधिकृत हो गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष बल सशस्त्र बलों की 6 वीं शाखा बन जाएगा।
- बांग्लादेश के ढाका में **18वां ढाका अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव** शुरू हुआ। त्योहार का विषय **‘Better Film, Better Audience and Better Society’** है।
- **सैय्यद हैथम बिन तारिक अल सैद** ने **ओमान के सुल्तान** के रूप में पदभार संभाला है। वह सुल्तान कबूस बिन सैद का स्थान लेंगे, जिनका हाल ही में निधन हो गया है।
- **बांग्लादेश के ढाका** में **"बिश्वा इज्तेमा"** का पहला चरण शुरू हो गया है। यह हज के बाद **मुस्लिम समुदाय** की दूसरी सबसे बड़ी मण्डली है।
- ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव में **त्साई इंगवेन-** ने जीत हासिल कर ली है। वह ताइवान के राष्ट्रपति के रूप में अब अपना दूसरा कार्यकाल शुरू करेंगी।
- अबू धाबी में **वर्ल्ड फ्यूचर एनर्जी समिट** अपनी थीम **"रीथिंकिंग ग्लोबल कंजम्पशन, प्रोडक्शन, एंड इनवेस्टमेंट"** के साथ शुरू हुआ।
- **अमेरिका के ट्रेजरी विभाग** ने **चीन** को **"मुद्रा मेनिपुलेटर"** की सूची से हटा दिया है। यह फैसला यूएसचीन- व्यापार समझौते के पहले चरण के शुरू होने से ठीक पहले लिया गया।
- रूस के प्रधानमंत्री **दिमित्री मेदवेदेव** ने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति **व्लादिमीर पुतिन** को सौंप दिया हैं, जिसे पुतिन ने स्वीकार कर लिया हैं।
- लेबर पार्टी के रॉबर्ट अबेला **57.9%** वोट के साथ माल्टा के **14** वें प्रधानमंत्री चुने गए हैं। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी क्रिस फर्न को हराया।
- नौवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मनसुख मंडाविया ने स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच (WEF) में संयुक्त राष्ट्र के एड्स कार्यक्रम (UNAIDS) के उच्च-स्तरीय गोलमेज कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का विषय "एक्सेस फॉर ऑल: लीवरेजिंग इनोवेशंस, इंवेस्टमेंट्स एंड पार्टनरशिप्स फॉर हेल्थ" हैं.
- ग्रीस की संसद ने देश के इतिहास में पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में कैत्रिन सकेल्लरोपौलौ (Katerina Sakellaropoulou) का चुनाव किया
- **ब्रिटेन** की सरकार ने **ब्रेक्सिट (ब्रिटिश के ईयू से अलग होने)** से ठीक पहले **50 पेंस का ब्रेक्जिट स्मारक सिक्का** जारी कने की घोषणा की है। ब्रिटेन आने वाली 31 जनवरी को तय समय पर यूरोपीय संघ से अलग हो जाएगा। इस सिक्के पर **"सभी देशों के साथ शांति, समृद्धि और मित्रता (Peace, prosperity and friendship with all nations)"** लिखा है।

- **कतर में शेख खालिद बिन खलीफा बिन अब्दुल अजीज अल सानी** को देश का नया प्रधान मंत्री बनाया गया है। वह शेख अब्दुल्ला बिन नासिर बिन खलीफा अल सानी का स्थान लेंगे।
- **यूरोपीयन संसद** ने **ब्रिटेन ब्रेक्सिट** समझौते को मंजूरी दे दी है।
- अमेरिकी राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रम्प** ने कनाडा और मेक्सिको के साथ **नए संयुक्त राज्य अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा समझौते** (USMCA) नॉर्थ अमेरिकी व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन** ने चीन के कोरोनावायरस (**coronavirus)** के बढ़ते प्रकोप के चलते अंतर्राष्ट्रीय आपातकाल स्थिति की घोषणा की है। WHO ने आपातकाल की घोषणा **coronavirus** के 18 अन्य देशों में फैलने के कारण की हैं, जबकि इसकी शुरुआत चीन में हुई थी
- नासा की अंतरिक्ष यात्री क्रिस्टीना कोच ने किसी भी महिला द्वारा अंतरिक्ष स्टेशन में सबसे लंबे समय तक समय बिताने का नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने अंतरिक्ष में 288 दिनों के इससे पहले के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है जो कि पहले नासा के अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिट्सन द्वारा 2017 में बनाया गया था।
- नेपाल के राष्ट्रपति ने काठमांडू में ऐतिहासिक दशरथ रंगशाला में आयोजित समारोह के दौरान "Visit Nepal Year 2020" का शुभारंभ किया। पौराणिक जीव येती को अभियान का शुभंकर चुना गया है।
- प्रशांत महासागरीय देश पलाऊ, सन क्रीम के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाला पहला देश बन गया है जो कोरल और समुद्री जीवो के लिए जहर के समान हैं। इसमें पराबैंगनी प्रकाश को अवशोषित वाले 10 रसायनों में से किसी भी रसायन से बनी सन क्रीम को प्रतिबंध किया गया है जिसमें ऑक्सीबेनज़ोन और ऑक्टिनॉक्सेट शामिल हैं
- उमारो सिसोको एंबालो ने गिनी-बिसाऊ का राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। गिनी-बिसाऊ के निर्वाचन आयोग अनुसार**,** उमारो ने **53.55%** वोटों के साथ राष्ट्रपति चुनाव जीता हैं। वह वर्तमान राष्ट्रपति जोस मारियो वाज की जगह लेंगे।
- बगदाद में हुए एक अमेरिकी हवाई हमले में ईरान के चीफ कमांडर जनरल कासिम सुलेमानी की मृत्यु हो गई हैं।
- ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनी ने क़ासिम सुलेमानी के पद पर रिवोल्यूशनरी गार्ड के विदेशी अभियानों के उप-प्रमुख इस्माइल क़ानी को नया कमांडर नियुक्त किया है।

## रक्षा समाचार

- केंद्रीय गृह मंत्री ने नई दिल्ली में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के नए मुख्यालय की आधारशिला रखी। इस अलावा गृह मंत्री ने आम नागरिक और वीआईपी को सुरक्षा प्रदान करने वालो के लिए एक नया लोगो “गरुड़” को भी लॉन्च किया।
- एस एस देसवाल को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (**CRPF)** के प्रमुख "अतिरिक्त" प्रभार सौपा गया है। गृह मंत्रालय ने यह निर्णय **31** दिसंबर**, 2019** को सेवानिवृत्त हो रहे **CRPF** महानिदेशक आर. आर. भटनागर के कारण लिया हैं।
- केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) साल 2020 को 'year of mobility' के रूप में मनाएगा, जिसमें अधिक आवासीय इकाइयों के निर्माण सहित सैनिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी उपायों के कार्यान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।
- भारत और ओमान की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'नसीम अल बह्र' का 12 वां संस्करण गोवा के मोरमुगाओ तट पर आयोजित किया जाएगा। इस अभ्यास में भारतीय नौसेना के पोत ब्यास और सुभद्रा और ओमान के RNOV अल रसिख और RNOV ख़ासब भाग ले रहे हैं ।
- भारतीय नौसेना ने अपना पहला त्रि-आयामी महा-नेवी कनेक्ट 2020 अभियान महाराष्ट्र के मुंबई में शुरू किया।
- विशाखापट्टनम मार्च 2020 में एक और अंतर्राष्ट्रीय नौसेना अभ्यास 'MILAN' की मेजबानी करने के लिए तैयार है। वर्ष 2020 के इस अभ्यास का विषय 'सिनर्जी एक्रॉस द सीज' है।
- भारत का पहला देश में तैयार होने वाला विमानवाहक पोत विक्रांत निर्माण के चरण -3 में पंहुच चुका हैं जिसमें इसके मशीनरी और अन्य उपकरणों का संचालन सुनिश्चित किया जा रहा हैं, इसे 2021 की शुरुआत में भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा है। यह वर्ष 2022 तक पूरी तरह से संचालित होगा।
- भारत ने अरब सागर में अपने विमानवाहक पोत (aircraft carrier) INS विक्रमादित्य को तैनात किया है। एयरक्राफ्ट कैरियर को उत्तरी अरब सागर में हो रहे पाकिस्तान-चीन नौसैनिक अभ्यास "सी गार्डियंस" के बीच तैनात किया गया ।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 51वीं K9 वज्रटी- बंदूकें राष्ट्र को समर्पित कीं. यह बंदूक गुजरात के हजीरा में **L&T के आर्मर्ड सिस्टम कॉम्प्लेक्स** द्वारा बनाई गई स्वचालित- हॉवित्जर बंदूक है**.**
- **रूस** ने भारत के लिए **सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की S-400** वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली का निर्माण शुरू कर दिया है। ये सभी पांच इकाइयां **2025** तक भारत को सौप दी जाएंगी।
- रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) ने 5100 करोड़ रुपये के स्वदेशी उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी है। ये निर्णय DAC ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में लिया गया।
- भारतीय वायु सेना ने सुखोई -30 MKI विमान के पहले स्क्वार्डन को अपने बेड़े में शामिल कर लिया है। ब्रह्मोस मिसाइल ले जाने में सक्षम विमान को वायु सेना में तमिलनाडु में स्थित तंजावुर बेस में शामिल किया गया।
- भारत ने आंध्र प्रदेश के विजाग तट पर परमाणु क्षमता वाली K-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है. मिसाइल को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित किया गया था.
- रक्षा मंत्रालय का सार्वजानिक उपक्रम **गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स** (**GRSE**), **भारतीय नौसेना** को जल्द ही रडार की पकड़ में नहीं आने वाले पनडुब्बी रोधी युद्धपोत **आईएनएस कवरत्ती (INS Kavaratti)** को सौपने के लिए तैयार है.

- **भारतीय नौसेना** ने **मेडागास्कर** में मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदान करने के लिए **"Operation Vanilla"** शुरू किया है।
- **असम राइफल्स** ने नागालैंड में एक संयुक्त **युद्ध स्मारक** का निर्माण किया है। ये स्मारक पूर्वोत्तर राज्य में उग्रवाद से लड़ते हुए **शहीद हुए 357 सेना और असम राइफल्स के जवानों** के लिए बनाया गया है।
- **कर्नाटक के मंगलुरु** में **भारतीय तटरक्षक बल** (ICG) द्वारा **हाई-स्पीड इंटरसेप्टर नाव C-448** को शामिल किया गया है।
- **भारत और बांग्लादेश** के बीच होने वाला संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास **SAMPRITI-IX** का 9 वां संस्करण **मेघालय के उमरोई** में आयोजित किया जाएगा।
- **भारतीय वायु सेना** के **एएन -32** विमान ने **जैव-जेट ईंधन के 10% मिश्रण से लेह हवाई अड्डे** से उड़ान भरी और सफलतापूर्वक लेंडिंग की।
- केंद्रीय गृह मंत्री ने **नई दिल्ली** में **केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल** (CRPF) के **नए मुख्यालय** की आधारशिला रखी। **280 करोड़ रुपये** की लागत से बनाए जाने वाले नए भवन में सभी आधुनिक और हरित सुविधाएं होंगी। इसमें बलों को मजबूत बनाने के लिए आधुनिक प्रशिक्षण मॉड्यूल के साथ 3.5 लाख प्रभावी संचालन और कमांड सिस्टम भी लगे होंगे जो CRPF की ओपरेशनल क्षमता को बढ़ाएगा।

## रैंक और रिपोर्ट

- जम्मू और कश्मीर में देश के सबसे ज्यादा रोगी विभाग (IPD) देखभाल पंजीकृत है। जम्मू और कश्मीर के ग्रामीण क्षेत्रों में **96%** सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाए आईपीडी देखभाल केन्द्रों द्वारा प्रदान की जाती है।
- डच बैंक ने पूर्वानुमान लगाया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2030 तक 7 ट्रिलियन तक पहुंच जाएगी। इस पूर्वानुमान के बारे में डच बैंक ने अपनी शोध रिपोर्ट "इमेजिन 2030" बताया।
- **हेनले** ने **वर्ष 2020 के लिए पासपोर्ट इंडेक्स** जारी किया है। दुनिया के सबसे पावरफुल पासपोर्ट इंडेक्स 2020 में भारतीय पासपोर्ट 2019 से 2 पायदान खिसककर **84 वें** स्थान पर है।
- विश्व आर्थिक मंच द्वारा ग्लोबल सोशल मोबिलिटी 2020 की पहली रिपोर्ट "ग्लोबल सोशल मोबिलिटी रिपोर्ट 2020: इक्वलिटी, अपोरचुनिटी एंड ए न्यू इकनोमिक इमप्रेटिव" जारी की गई है। इस रिपोर्ट में 82 देशों का ग्लोबल सोशल मोबिलिटी इंडेक्स (GSMI) भी जारी किया गया।इंडेक्स के अनुसार, भारत 42.7 अंक के साथ 76 वें स्थान पर है, जबकि डेनमार्क सूची में सबसे ऊपर है।
- **ग्रीनपीस इंडिया की रिपोर्ट** में **झारखंड** में कोयले के मुख्य स्रोत **झरिया** को भारत का सबसे प्रदूषित शहर बताया गया है. मिजोरम का लुंगलेई देश का सबसे कम प्रदूषण वाला शहर है. टॉप -10 प्रदूषित शहरों में उत्तर प्रदेश के **छह** शहर **नोएडा, गाजियाबाद, बरेली, इलाहाबाद, मुरादाबाद और फिरोजाबाद** शामिल हैं।
- भारतीय रिजर्व बैंक को **वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल** (**WGC**) की रिपोर्ट **"वर्ल्ड गोल्ड आउटलुक 2020"** में विदेशों से सबसे ज्यादा सोना खरीद करने वालों की सूची में **छठें स्थान** पर रखा गया है।
- **पश्चिम बंगाल वर्ष 2018-19** में **सब्जी उत्पादन** के मामलें में **उत्तर प्रदेश** को पीछे छोड़कर सबसे अग्रिम राज्य के रूप में उभरकर आया हैं। **उत्तर प्रदेश** में सब्जियों का उत्पादन वर्ष 2018-19 में घटकर 27.71 मिलियन टन हो गया जो पिछले वर्ष 28.32 मिलियन टन था। फलों में **आंध्र प्रदेश** 17.61 मिलियन टन के साथ शीर्ष स्थान पर बना हुआ हैं, सूची में इसके बाद **महाराष्ट्र** (10.82 मिलियन टन) और **उत्तर प्रदेश** (10.65 मिलियन टन) हैं।

## समझौते

- **एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस** ने अपने सेवाओं का विस्तार करने के लिए **पेटीएम** के साथ **साझेदारी** की है। इस साझेदारी का उद्देश्य पेटीएम के ग्राहकों को एचडीएफसी लाइफ से बीमा उत्पाद खरीदने में सक्षम बनाना है
- कॉमन सर्विस सेंटर्स (CSC) ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया ने फ़ास्टटैग की बिक्री के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (PPBL) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- भारत के प्रमुख डिजिटल ऋणदाता स्टार्टअप RevFin ने अपने ग्राहकों को सुरक्षा प्रदान के लिए अपने ऋणों के साथ जीवन बीमा कवर देने के लिए PNB मेटलाइफ इंडिया इन्सुरेंस कंपनी के साथ करार किया है। इस बीमा में 3 वर्ष की अवधि के लिए 3 लाख तक के ऋण को कवर किया जाना शामिल हैं।
- भारतीय सेना ने रूस के साथ 7.5 लाख AK-203 असॉल्ट राइफलों की खरीद के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए। इन राइफलों का निर्माण उत्तर प्रदेश के कोरवा में इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (IRRPL) द्वारा किया जाएगा।
- **इन्फोसिस** ने अपने विश्वव्यापी परिचालन को **डिजिटल मे बदलने** के लिए GEFCO के साथ पाँच साल का करार किया है।
- डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए, भारतीय रेलवे के दक्षिण मध्य क्षेत्र ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर ने वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म "TikTok" के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.
- असम अंतर्देशीय जल परिवहन परियोजना के कार्यान्वियन के लिए, भारत सरकार भारत) सरकार(, असम सरकार और विश्व बैंक ने 88 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं.
- **लद्दाख में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विकास** के लिए **नीति आयोग** और **केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख** ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- **बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE)** ने **इंटरकांटिनेंटल एक्सचेंज (ICE) फ्यूचर्स यूरोप** के साथ **लाइसेंसिंग समझौते** पर हस्ताक्षर किए हैं। इंटरकांटिनेंटल एक्सचेंज (ICE) फ्यूचर्स यूरोप वैश्विक एक्सचेंज और क्लीयरिंगहाउस का संचालक है।
- भारत और महाराष्ट्र सरकार ने वर्ल्ड बैंक के साथ 210 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस ऋण समझौते पर हस्ताक्षर महाराष्ट्र कृषि व्यवसाय और ग्रामीण क्षेत्र में

बदलाव लाने की परियोजओं के लिए किए गए हैं। ये ऋण इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (IBRD) द्वारा 6 वर्ष के लिए 13.5 वर्ष की मेच्योरिटी के साथ वित्त पोषित किया जाएगा।

- इंडियन ऑयल ने घाना की राष्ट्रीय एलपीजी प्रमोशन नीति के उचित निष्पादन के लिए घाना के राष्ट्रीय पेट्रोलियम प्राधिकरण के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.
- हैदराबाद मेट्रो रेल लिमिटेड ने अपने यात्रियों के लिए कारपूल सुविधा शुरू करने के लिए ऑनलाइन बस टिकटिंग प्लेटफॉर्म redBus के साथ साझेदारी की है। ये सेवा "rPool" के माध्यम से दी जाएगी.
- भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM), इंदौर ने उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन के तहत आईआईएम इंदौर उत्तर प्रदेश पुलिस कर्मियों को प्रभावी संचार और भीड़ प्रबंधन पर प्रशिक्षण देगा.
- **भारत सरकार** ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर **दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM)** के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री के लिए **फ्लिपकार्ट** के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

## पुरूस्कार और मान्यताएं

- दुबई में रहने वाली भारतीय मूल की 13 वर्षीय किशोरी सुचेता सतीश ने 100 ग्लोबल चाइल्ड प्रोडिजी अवॉर्ड जीता। उन्हें एक संगीत कार्यक्रम और बच्चो के लंबे समय तक चले लाइव सिंगिंग कार्यक्रम के दौरान अधिकांश भाषाओं में गायन के लिए सम्मानित किया गया।
- वडोदरा की आयुषी ढोलकिया ने मिस टीन इंटरनेशनल 2019 का खिताब जीत लिया है। इसके अलावा उन्होंने बेस्ट इन नेशनल कॉस्ट्यूम अवार्ड और बेस्ट इन स्पीच अवार्ड का खिताब भी अपने नाम किया हैं।
- भारतीय मूल की जसबिंदर बिलन को ब्रिटेन का प्रसिद्ध कोस्टा चिल्ड्रन अवार्ड 2019 प्रदान किया गया है। उन्होंने अपने पहले उपन्यास 'Asha and the Spirit Bird' के लिए पुरस्कार जीता है।
- प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक **डॉ. एम एस स्वामीनाथन** को कृषि क्षेत्र में दिए गए उनके विशिष्ट योगदान के लिए **'मुप्पावरप्पु वेंकैया नायडू नेशनल अवार्ड फॉर एक्सीलेंस'** से सम्मानित किया गया।
- योग के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त करने वाले भारतीय मूल के दस वर्षीय ब्रिटिश छात्र **ईश्वर शर्मा** ने **ग्लोबल चाइल्ड प्रोडगी अवार्ड** अपने नाम किया हैं।
- ओडिशा के **पुरी** को **प्लास्टिक कचरा प्रबंधन** की पहल के लिए **स्वच्छा दर्पण पुरस्कार 2019** से सम्मानित किया गया है।
- राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला (एनसीएल-सीएसआईआर) पुणे के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक शाक्य सिंहा को रासायनिक विज्ञान में उल्लेखनीय शोध करने के लिए **"मर्क यंग साइंटिस्ट अवार्ड 2019"** से सम्मानित किया गया है.
- **रजा मीरारिमी** द्वारा निर्देशित ईरानी फिल्म **'Castle of Dreams'** ने एशियाई श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता हैं। साथ फिल्म ने **सर्वश्रेष्ठ निर्देशक** का पुरस्कार भी अपने नाम किया हैं।
- राष्ट्रपति **राम नाथ कोविंद** ने राष्ट्रपति भवन में **प्रधानमंत्री राष्ट्रिय बाल पुरस्कार, 2020** प्रदान किए। प्रत्येक वर्ष बाल पुरस्कार सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है।
- भारत के HealthSetGo की संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी **प्रिया प्रकाश** को **वर्ष 2019** के ग्लोबल सिटिजन प्राइज़: **सिस्को यूथ लीडरशिप अवार्ड** से नवाजा गया है।
- राष्ट्रपति **राम नाथ कोविंद** ने नई दिल्ली में **14 वें रामनाथ गोयंका विशिष्ट पत्रकारिता पुरस्कार** प्रदान किए। भारत के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में शुमार पुरस्कार, 2006 से प्रतिवर्ष पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट पत्रकारिकता के लिए दिए जाते हैं।

- भारत के HealthSetGo की संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी **प्रिया प्रकाश** को **वर्ष 2019** के ग्लोबल सिटिजन प्राइज़: **सिस्को यूथ लीडरशिप अवार्ड** से नवाजा गया है।
- राष्ट्रपति **राम नाथ कोविंद** ने नई दिल्ली में **14 वें रामनाथ गोयंका विशिष्ट पत्रकारिता पुरस्कार** प्रदान किए। भारत के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में शुमार पुरस्कार, 2006 से प्रतिवर्ष पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट पत्रकारिकता के लिए दिए जाते हैं।

- इस वर्ष **सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार** के लिए **आपदा शमन और प्रबंधन केंद्र, उत्तराखंड (संस्था श्रेणी में)** और **कुमार मुन्नन सिंह (व्यक्तिगत श्रेणी)** को पुरस्कार के लिए चुना गया है
- दिग्गज पत्रकार और 'द हिंदू ग्रुप' के चेयरमैन **एन. राम** को आउटस्टैंडिंग मीडिया पर्सन (मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान) के लिए **केरल मीडिया अकादमी के राष्ट्रीय पुरस्कार** के लिए चुना गया है।
- तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय के वाईस-चांसलर **डॉ. एन कुमार** को वर्ष **2019** के **हरित रत्न पुरस्कार** से सम्मानित किया गया।
- कोलकाता के कलकत्ता विश्वविद्यालय ने अपने वार्षिक दीक्षांत समारोह में नोबेल पुरस्कार विजेता **अभिजीत विनायक बनर्जी** को **डॉक्टरेट ऑफ़ लेटर्स (डी. लिट)** की उपाधि प्रदान की.
- थिएटर जानी-मानी हस्ती **संजना कपूर** को थिएटर के क्षेत्र में दिए उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित फ्रांसीसी सम्मान शेवेलियर डन्स लोर्रे देस आर्ट्स एट देस लेट्रेस (नाइट ऑफ द ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स) Chevalier dans lOrdre des Arts et des Lettres (Knight of the Order of Arts and Letters) से सम्मानित किया गया.
- पीयूष जायसवाल को ग्लोबल बिहार एक्सीलेंस अवार्ड **2019** से सम्मानित किया गया।
- केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रमुख क्षेत्रों में मौलिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए 14 वैज्ञानिकों को स्वर्ण जयंती फैलोशिप प्रदान की है।

## विज्ञान और तकनीक

- इसरो 17 जनवरी, 2020 को **फ्रेंच गुयाना** से **एरियन-5 प्रक्षेपण यान (VA 251)** के जरिए **जीसैट -30 उपग्रह** लॉन्च करेगा। जीसैट -30 भारत का संचार उपग्रह है, जो सी और केयू बैंड में जियोस्टेशनरी ऑर्बिट से संचार सेवाएं प्रदान करने के लिए इसरो द्वारा विकसित की गई I-3K बस संरचना पर कॉन्फ़िगर किया गया है.

- **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने** भारत के सबसे महत्वाकांक्षी **अंतरिक्ष मानव मिशन गगनयान** से **ठीक पहले अंतरिक्ष मिशन** पर **भेजें जाने वाले** भारत के पहले 'अर्ध मानव रोबोट' (हाफ ह्यूमनॉइड) **'व्योममित्र' या 'फ्रेंड इन द स्काई (अंतरिक्ष मित्र)'** का अनावरण किया.
- **फ्रांस,** भारत के सबसे महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मानव **मिशन गगनयान** के **फ्लाइट सर्जनों** को प्रशिक्षित करेगा.
- **अरुणाचल प्रदेश** के **ईटानगर** में स्थित विज्ञान केन्द्र में **'नवाचार महोत्सव'** का आयोजन किया रहा हैं। इस उत्सव का आयोजन **अरूणाचल प्रदेश राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद** द्वारा **राष्ट्रीय नवाचार फांउडेशन के सहयोग** से किया जा रहा है।
- **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (Indian Space Research Organisation)** ने घोषणा की हैं कि वह कम लागत वाले उपग्रह प्रक्षेपणयान (satellite launch vehicles) विकसित कर रहा है, जिनकी लागत लगभग **30-35 करोड़** होगी।

## पुस्तकें और लेखक

- **केंद्रीय गृह मंत्री** ने **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** पर लिखी पुस्तक **'कर्मयोद्धा ग्रंथ'** का विमोचन किया।
- पूर्व राष्ट्रपति **प्रणब मुखर्जी** ने **यशवंत सिन्हा** की आत्मकथा **'Relentless'** का विमोचन किया। इस पुस्तक में सिन्हा के आम व्यक्ति से राजनीती की उचाइयों को छूने की जीवन यात्रा का वर्णन किया गया है**.**

## विविध समाचार

- तटस्थ सर्वनाम शब्द **'they'** को अमेरिकी भाषा विशेषज्ञों द्वारा वर्ड ऑफ़ द डिकेड के लिए चुना गया है।
- केंद्रीय गृह मंत्री ने दिल्ली साइकिल वॉक परियोजना की आधारशिला रखी। यह परियोजना राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में तुगलकाबाद में स्थापित की जाएगी। परियोजना का उद्देश्य शहर को नागरिको के चलने योग्य और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है।
- बांग्लादेश में स्थित भारतीय उच्चायोग ने ढाका में "कला प्रदर्शनी" का आयोजन किया है।
- चेन्नई में चेन्नई से अंडमान-निकोबार द्वीप समूह तक समुद्र में केबल बिछाने के कार्यों का हुआ उद्घाटन, शुरूआत में चेन्नई से पोर्ट ब्लेयर तक **1,450** किलोमीटर लम्बा केबल बिछाया जाएगा।
- केंद्र शासित प्रदेश **लद्दाख** में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए पहली बार खाद्य प्रसंस्करण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।
- भारत के विज्ञान फिल्म समारोह )SCI-FFI 2020) के 5 वें संस्करण की शुरुआत गोवा की राजधानी पणजी में हो गई है**.**
- **कृषि मंथन का पहला संस्करण**- एशिया का सबसे बड़ा खाद्य, कृषि-व्यवसाय और ग्रामीण विकास शिखर सम्मेलन अहमदाबाद, गुजरात में शुरू हो गया है**.**
- केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री **डी.वी. सदानंद गौड़ा** ने **हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड )HURL)** के **लोगो और ब्रांड 'अपना यूरिया सोना उगले'** का अनावरण किया।
- **राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल** (NDRF) **ने** 18 **जनवरी को अपना** 15 **वां स्थापना दिवस मनाया**
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में **PRAGATI (**प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन) के माध्यम से **32** वीं बातचीत की अध्यक्षता की**.**
- बांग्लादेश के ढाका में **18**वां ढाका अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव शुरू हुआ। त्योहार का विषय **'Better Film, Better Audience and Better Society'** है.
- **नई दिल्ली** के **इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे** पर **'वूमन विद व्हील्स'** नामक एक अनूठी टैक्सी सेवा का शुभारंभ किया गया हैं। ये टैक्सी सेवा 'सखा कैब्स' की एक पहल है। ये टैक्सी सेवा केवल महिला यात्रियों के लिए होगी और जिन्हें महिला ड्राइवरों द्वारा चलाया जाएगा।
- रिलायंस जिओ अपने प्लेटफॉर्म के माध्यम से **UPI** भुगतान सुविधा देने वाला पहला टेलीकॉम ऑपरेटर बन गया है.
- पश्चिम बंगाल में **44** वां अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेला **(IKBF) 29** जनवरी से **9** फरवरी **2020** तक आयोजित किया जाएगा। रूस **44** वें अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले का फोकल थीम देश होगा।
- भारत के सात हवाई अड्डे पर चीन और हांगकांग से आने वाले यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जा रही हैं.
- कोलकाता, पश्चिम बंगाल द्वारा आयोजित किया गया **9**वां अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव.
- **भारत सरकार (government of India)** ने **कर्ज में डूबी एयर इंडिया** की **100% हिस्सेदारी बेचने** की घोषणा की हैं। रणनीतिक विनिवेश के तहत और अभिरुचि की अभिव्यक्ति (expression of interest-EoI) जमा करने की समय सीमा **17 मार्च** निर्धारित की गई है। इसके अलावा एयर इंडिया कम लागत वाली एयरलाइन एयर इंडिया एक्सप्रेस की 100% हिस्सेदारी और संयुक्त उद्यम AISATS की 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी भी बेचेगी।
- **भारत सरकार उत्तर प्रदेश के मेरठ** में **जानवरों के लिए युद्ध स्मारक (war memorial for animals)** स्थापित करने की योजना पर विचार कर रही है। यह देश का पहला एनिमल वार मेमोरियल होगा। इस स्मारक का निर्माण मेरठ के **रिमाउंट एंड वेटरनरी कॉर्प्स (आरवीसी) सेंटर एंड कॉलेज** में किया जाएगा, जहां **कुत्तों, खच्चरों और घोड़ों** की जांबाज कैटल (नस्ल) को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

- पश्चिम बंगाल में हुगली नदी के नीचे चलने वाली देश की पहली **अंडरवाटर मेट्रो परियोजना** का कार्य **कोलकाता मेट्रो रेल कॉरपोरेशन** द्वारा मार्च **2022** तक पूरा कर लिया जाएगा। इस नई मेट्रो रेल में प्रतिदिन लगभग 900,000 यात्रियों के सफ़र करने की उम्मीद है।
- **नेपाल** ने पृथ्वी पर अब तक के **सबसे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र** पर **फैशन शो** का आयोजन कर एक नया **गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड** कायम किया है। माउंट एवरेस्ट फैशन रनवे का आयोजन एवरेस्ट बेस कैंप के पास काला पत्थर पर तक़रीबन 5340 मीटर )17515 फीट( की ऊंचाई पर किया गया।
- आयरिश संगीतकार )composer) **आइमर नून )**Eimear Noone) ऑस्कर गेस्ट(भाग-अतिथि) सेगमेंट- में ऑर्केस्ट्रा दल की अगुवाई करने वाली पहली महिला होंगी।

## निधन

- कर्नाटक के पूर्व राज्यपाल टी एन चतुर्वेदी का निधन। उन्होंने 2002 से 2007 तक कर्नाटक के 14 वें राज्यपाल के रूप में कार्य किया था।
- ओडिसी के भारतीय शास्त्रीय नृत्य की प्रसिद्ध नृत्यांगना मिनती मिश्रा का निधन।
- ओमान के सबसे लंबे समय तक शासक रहे ओमान सुलतान क़ाबू बिन सैद का निधन हो गया। जिन्होंने ओमान को एक आधुनिक और समृद्ध राष्ट्र में बदल दिया। वह 1970 से ओमान पर शासन कर रहे थे।
- 
- वयोवृद्ध ओडिया फिल्मकार **मनमोहन महापात्रा का निधन** हो गया है. उन्हें 'न्यू वेव ओडिया सिनेमा के पिता' के रूप में जाना जाता था और उन्होंने 'बेस्ट फीचर ओडिया फिल्म' के लिए **लगातार आठ राष्ट्रीय पुरस्कार** जीते.
- भारत के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर **बापू नाडकर्णी** का निधन। वह बाएं हाथ के बल्लेबाज और बाएं हाथ के स्पिनर थे।
- गिनीज बुक में शुमार दुनिया के सबसे छोटे कद के व्यक्ति **खगेंद्र थापा मगर** का निधन। नेपाल के बागलुंग जिले में 14 अक्टूबर 1992 को जन्मे थापा की **लम्बाई 67.08 सेमी )2 फीट 2.41 इंच(** थी।
- प्रसिद्ध कलाकार और मूर्तिकार **शेर सिंह कुक्कल** का निधन। उन्हें 2008-09 के दौरान केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा उन्हें विजुअल आर्ट फ़ोटोग्राफ़ी में वरिष्ठ फ़ेलोशिप से सम्मानित किया गया था।
- प्रख्यात असमिया भाषाविद् और शिक्षाविद **गोलोक चंद्र गोस्वामी** का निधन।
- दिग्गज **दक्षिण अभिनेत्री जमीला मलिक** का निधन। वह पुणे में प्रतिष्ठित **फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (FTII) से स्नातक करने वाली पहली केरल की महिला** थीं।
- पूर्व भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान **सुनीता चंद्रा** का निधन। वह एक प्रतिष्ठित अर्जुन अवार्डी थी।
- प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरणविद्, शिक्षाविद् और लेखक **तुषार कांजीलाल** का निधन।
- सामाजिक कार्यकर्ता, नारीवादी लेखक और पत्रकार **विद्या बाल** का निधन।
- पेजावर मठ के प्रमुख विश्वेष तीर्थ स्वामी का उडुपी में निधन हो गया। उनका जन्म 27 अप्रैल, 1931 को दक्षिण कन्नड़ जिले के रामकुंज में हुआ था।
- नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (NDPP) के नेता और नागालैंड विधानसभा अध्यक्ष विखो-ओ योशू का निधन हो गया।
- असम के प्रख्यात नाटककार, साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्ता रत्न ओझा का निधन।

## महत्वपूर्ण तथ्य

- संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय: न्यूयॉर्क, अमेरिका; स्थापित: 24 अक्टूबर 1945
- संयुक्त राष्ट्र के महासचिव: एंटोनियो गुटेरेस।
- BCCI के अध्यक्ष: सौरव गांगुली।
- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री: कमलनाथ; राज्यपाल: लाल जी टंडन
- डीआरडीओ के अध्यक्ष: जी सतीश रेड्डी, स्थापना: 1958, मुख्यालय: नई दिल्ली
- नासा का मुख्यालय: वाशिंगटन, डी सी; स्थापित: 29,1958 जुलाई
- अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (APSEZ) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक: गौतम अडानी; निदेशक: करण अडानी
- पीएनबी मेटलाइफ इंडिया के एमडी और सीईओ: आशीष कुमार श्रीवास्तव; मुख्यालय: मुंबई, महाराष्ट्र
- कॉमन सर्विस सेंटर्स (CSC) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO): दिनेश त्यागी
- पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष: विजय शकर शर्मा; एमडी और सीईओ: सतीश कुमार गुप्ता
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री: ममता बनर्जी; राज्यपाल: जगदीप धनखड़
- क्यूबा की राजधानी: हवाना; क्यूबा के राष्ट्रपति: मिगुएल डियाज-कैनेल
- केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री: पीयूष गोयल
- ओडिशा के मुख्यमंत्री: नवीन पटनायक; राज्यपाल: गणेशी लाल
- अमेरिका के राष्ट्रपति: डोनाल्ड ट्रम्प; राजधानी: वाशिंगटन, डी.सी.
- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री: उद्धव ठाकरे; राज्यपाल: भगत सिंह कोश्यारी
- यूपी के सीएम: योगी आदित्यनाथ; यूपी की राज्यपाल: आनंदीबेन पटेल
- केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर: गिरीश चंद्र मुर्मू
- रूस के राष्ट्रपति: व्लादिमीर पुतिन; राजधानी: मास्को; मुद्रा: रूसी रूबल।
- R RBI **के 25 वें गवर्नर: शक्तिकांत दास; मुख्यालय: मुंबई; स्थापित:** 1 **अप्रैल** 1935, **कोलकाता**
- इसरो के अध्यक्ष: के सिवन; मुख्यालय: बेंगलुरु; स्थापित: 1969
- केरल के मुख्यमंत्री: पिनाराई विजयन; राज्यपाल: आरिफ मोहम्मद खान
- CISF के महानिदेशक: राजेश रंजन; CISF की स्थापना: 1969

- बांग्लादेश की प्रधान मंत्री: शेख हसीना; राजधानी: ढाका; मुद्रा: टका
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति के अध्यक्ष हैं।
- इटली के राष्ट्रपति: सर्जियो मटेरेला; प्रधान मंत्री: ग्यूसेप कोंटे
- नौसेना प्रमुख: एडमिरल करमबीर सिंह
- ओमान कैपिटल: मस्कट; मुद्रा: ओमानी रियाल
- सांख्यिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार): राव इंद्रजीत सिंह
- श्रीलंका की राजधानी: श्री जयवर्धनेपुरा कोटे; मुद्रा: श्रीलंका का रुपया
- गुजरात के मुख्यमंत्री: विजय रूपानी; राज्यपाल: आचार्य देव व्रत
- हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री: जय राम ठाकुर; राज्यपाल: बंडारू दत्तात्रेय
- UAE के राष्ट्रपति: शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान
- नाडा के सीईओ: नवीन अग्रवाल
- केंद्रीय विदेश मंत्री: सुब्रह्मण्यम जयशंकर
- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री: उद्धव ठाकरे; राज्यपाल: भगत सिंह कोश्यारी
- एसबीआई के अध्यक्ष: रजनीश कुमार; मुख्यालय: मुंबई; स्थापित: 1 जुलाई 1955
- परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (AEPC) की स्थापना की गई: 1978; मुख्यालय: गुड़गांव, हरियाणा
- ईरान की राजधानी: तेहरान; मुद्रा: रियाल; राष्ट्रपति: हसन रूहानी
- क्रोएशिया की राजधानी: ज़ाग्रेब; मुद्रा: क्रोएशियाई कुना; प्रधान मंत्री: पर्पस प्लेनकोविक
- अंडमान और निकोबार द्वीप के लेफ्टिनेंट गवर्नर: डी के जोशी
- आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष: के एल कुमार
- विश्व बैंक के अध्यक्ष: डेविड आर मलपास; मुख्यालय: वाशिंगटन डीसी
- रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त, भारत: विवेक जोशी
- BCCI  के अध्यक्ष: सौरव गांगुली; मुख्यालय: मुंबई
- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री: योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल: आनंदीबेन पटेल
- युवा मामलों और खेल मंत्री: किरेन रिजिजू
- स्वामी विवेकानंद ने 1 मई 1897 को रामकृष्ण मठ और मिशन की स्थापना की।
- 1898 में, उन्होंने बेलूर मठ की स्थापना की।
- खलीफा बिन जायद अल नाहयान यूएई के राष्ट्रपति हैं।
- अबू धाबी यूएई की राजधानी है।
- संयुक्त अरब अमीरात दिरहम यूएई की मुद्रा है।
- केंद्रीय इस्पात मंत्री: धर्मेंद्र प्रधान
- गुजरात के मुख्यमंत्री: विजय रूपाणी; राज्यपाल: आचार्य देव व्रत
- ताइवान की राजधानी: ताइपे; ताइवान की मुद्रा: न्यू ताइवान डॉलर
- बांग्लादेश की प्रधान मंत्री: शेख हसीना; राजधानी: ढाका; मुद्रा: टका
- ओमान की राजधानी: मस्कट; मुद्रा: ओमानी रियाल
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री: ममता बनर्जी; राज्यपाल: जगदीप धनखड़
- IPGA के अध्यक्ष: ज़ेवरचंद (जीतू) भेडा
- विदेश मंत्री: सुब्रह्मण्यम जयशंकर
- सुनील अरोड़ा भारत के मुख्य निर्वाचनआयुक्त हैं।
- थल सेनाध्यक्ष: मनोज मुकुंद नरवणे
- वाईएस जगनमोहन रेड्डी आंध्र प्रदेश के वर्तमान सीएम हैं।
- बिस्वा भूषण हरिचंदन आंध्र प्रदेश के राज्यपाल हैं।
- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष: संजीव सिंह
- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का मुख्यालय: नई दिल्ली
- नौसेनाध्यक्ष: एडमिरल करमबीर सिंह
- RBI के 25 वें गवर्नर: शक्तिकांत दास; मुख्यालय: मुंबई; स्थापित: 1 अप्रैल 1935, कोलकाता
- इसरो के अध्यक्ष: के. सिवन; मुख्यालय: बेंगलुरु; स्थापना: 1969
- इन्फोसिस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक: सलिल पारेख; मुख्यालय: बेंगलुरु
- संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति: डोनाल्ड ट्रम्प; राजधानी: वाशिंगटन, डी.सी.
- सेबी मुख्यालय: मुंबई, अध्यक्ष: अजय त्यागी
- सड़क, परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री: वी.के. सिंह
- अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री: पेमा खांडू
- अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल: बी डी मिश्रा
- आंध्र प्रदेश की राजधानी: हैदराबाद
- भारतीय सेना दिवस 15 जनवरी को मनाया जाता है।
- ओडिशा के मुख्यमंत्री: नवीन पटनायक; राज्यपाल: गणेशी लाल
- अमेजन के सीईओ: जेफ बेजोस; स्थापना: 5 जुलाई 1994
- भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक: मृत्युंजय महापात्र
- पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (PCRA) के अध्यक्ष: एम एम कुट्टी
- पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ का मुख्यालय: नई दिल्ली
- रूस की राजधानी: मास्को; रूस की मुद्रा: रूसी रूबल
- लद्दाख के उपराज्यपाल: राधा कृष्ण माथुर
- इंटरनेशनल यूनियन ऑफ प्योर एंड एप्लाइड केमिस्ट्री के अध्यक्ष: क्यूई-फेंग झोउ
- इंटरनेशनल यूनियन ऑफ प्योर एंड एप्लाइड केमिस्ट्री का मुख्यालय: उत्तरी कैरोलिना, संयुक्त राज्य
- ICC के अध्यक्ष: शशांक मनोहर; मुख्य कार्यकारी: मनु साहनी; मुख्यालय: दुबई, संयुक्त अरब अमीरात
- विश्व आर्थिक मंच के अध्यक्ष: क्लॉस श्वाब; मुख्यालय: स्विट्जरलैंड
- गोवा के मुख्यमंत्री: प्रमोद सावंत; गोवा के राज्यपाल: सत्य पाल मलिक
- माल्टा की राजधानी: वालेटा; मुद्रा: यूरो; राष्ट्रपति: जॉर्ज वेला
- यूनाइटेड किंगडम की राजधानी: लंदन; मुद्रा: पाउंड स्टर्लिंग
- यूनाइटेड किंगडम के प्रधान मंत्री: बोरिस जॉनसन
- केके बिड़ला फाउंडेशन का नाम प्रसिद्ध भारतीय उद्योगपति कृष्ण कुमार बिड़ला के नाम पर रखा गया है।
- स्थापित: 1991, दिल्ली
- एससीओ के महासचिव: व्लादिमीर नोरोव
- स्थापित: 19 सितंबर 2003; मुख्यालय: बीजिंग, चीन

- 28 वें सेनाध्यक्ष: जनरल मनोज मुकुंद नरवणे
- गुजरात सीएम: विजय रूपाणी; राज्यपाल: आचार्य देव व्रत; राजधानी: गांधीनगर
- केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री: रमेश पोखरियाल 'निशंक'
- हेनली एंड पार्टनर्स का मुख्यालय: लंदन, यूनाइटेड किंगडम; स्थापित: 1997
- हेनले एंड पार्टनर्स के अध्यक्ष: क्रिश्चियन कालिन
- मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ): जुगर स्टीफन
- वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष: डेविड आर मलपास; मुख्यालय: वाशिंगटन डीसी
- असम की राजधानी: दिसपुर; मुख्यमंत्री: सर्बानंद सोनोवाल, राज्यपाल: जगदीश मुखी
- मर्क कंपनी के संस्थापक: फ्रेडरिक जैकब मर्क; स्थापित: 1668
- हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड के अध्यक्ष: संजीव सिंह
- हिंदुस्तान उर्वराक और रसायन लिमिटेड का मुख्यालय: नई दिल्ली
- नीति आयोग: नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया
- नीति आयोग के CEO: अमिताभ कांत, उपाध्यक्ष: राजीव कुमार
- नासा का मुख्यालय: वाशिंगटन, डी. सी.; स्थापित: 29,1958 जुलाई
- झारखंड गठन 15 नवंबर 2000 को हुआ था।
- बाबूलाल मरांडी झारखंड के पहले मुख्यमंत्री थे।
- रांची झारखंड की राजधानी है।
- सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक: विवेक कुमार जौहरी
- बांग्लादेश की राजधानी: ढाका; मुद्रा: टका; पीएम: शेख हसीना
- केंद्रीय वित्त मंत्री: निर्मला सीतारमण
- SBI के अध्यक्ष: रजनीश कुमार; मुख्यालय: मुंबई; स्थापित: 1 जुलाई 1955
- रिस्करॉन के सीईओ और को-फाउंडर : केली व्हाइट
- CRPF के महानिदेशक: राजीव राय भटनागर
- केंद्रीय गृह मंत्री: अमित शाह।
- आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार): हरदीप सिंह पुरी
- नीति आयोग के सीईओ: अमिताभ कांत।
- राजनीतिक दलों का पंजीकरण जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 ए के प्रावधानों द्वारा नियंत्रित होता है।
- इसरो के अध्यक्ष: के.एस. शिवन; मुख्यालय: बेंगलुरु; स्थापित: 1969
- नेपाल के प्रधान मंत्री: के पी शर्मा ओली; राजधानी: काठमांडू
- नेपाल के राष्ट्रपति: बिध्या देवी भंडारी; मुद्रा: नेपाली रुपया
- पलाऊ के राष्ट्रपति: टॉमी रेमेंग्साऊ; राजधानी: नार्गुलमुद; मुद्रा: यूएस डॉलर
- गिनी-बिसाऊ की राजधानी: बिसाऊ; मुद्रा: इको
- RBI के 25 वें गवर्नर: शक्तिकांत दास; मुख्यालय: मुंबई; स्थापित: 1 अप्रैल 1935, कोलकाता
- नागालैंड के मुख्यमंत्री: नेफिउ रियो; राज्यपाल: आर.एन.रवि
- खेलो इंडिया खेलो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी: अविनाश जोशी
- नागर विमानन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार): हरदीप सिंह पुरी
- CBIC के अध्यक्ष: प्रणब कुमार दास
- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री: प्रकाश जावड़ेकर
- असम के मुख्यमंत्री: सर्बानंद सोनोवाल; राज्यपाल: जगदीश मुखी
- राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के अध्यक्ष: डेम लुईस मार्टिन
- भारतीय ओलंपिक संघ के प्रमुख: नरिंदर बत्रा
- CRPF भारत का सबसे बड़ा अर्धसैनिक बल है और जिसके 3.25 लाख से अधिक कर्मचारी हैं।
- इसकी स्थापना ब्रिटिश सरकार ने 1939 में क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस (CRP) के रूप में की थी, और जिसका स्वतंत्रता के बाद 1949 में नाम बदलकर CRPF कर दिया गया।
- केंद्रीय रेल मंत्री: पीयूष गोयल
- केरल के मुख्यमंत्री: पी विजयन; राज्यपाल: आरिफ मोहम्मद खान
- केंद्रीय रेल मंत्री: पीयूष गोयल
- ईरान की राजधानी: तेहरान; ईरान की मुद्रा: रियाल; ईरान के राष्ट्रपति: हसन रूहानी
- यूपी के मुख्यमंत्री: योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल: आनंदीबेन पटेल
- त्रिपुरा की राजधानी: अगरतला
- त्रिपुरा के मुख्यमंत्री: बिप्लब कुमार देब
- त्रिपुरा के राज्यपाल: रमेश बैस
- आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री: वाईएस जगनमोहन रेड्डी
- आंध्र प्रदेश के राज्यपाल: बिस्वा भूषण हरिचंदन
- फ्लिपकार्ट की स्थापना: अक्टूबर 2007; फ्लिपकार्ट का मुख्यालय: बेंगलुरु।
- बिहार के राज्यपाल: फागु चौहान, मुख्यमंत्री: नीतीश कुमार।
- केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री: डॉ। हर्षवर्धन।
- आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष: के एल कुमार।
- गुजरात सीएम: विजय रूपानी; राज्यपाल: आचार्य देव व्रत; राजधानी: गांधीनगर।
- महाराष्ट्र के सीएम: उद्धव ठाकरे; राज्यपाल: भगत सिंह कोश्यारी; राजधानी: मुंबई।
- ITTF के अध्यक्ष: थॉमस वेइकर्ट; ITTF का मुख्यालय: लॉज़ेन, स्विट्जरलैंड; ITTF की स्थापना: 1926।
- बीएसएफ का गठन: 1 दिसंबर 1965; डीजी बीएसएफ: वी के जौहरी।